quately. We have only bogged ourselves into this controversy—useless controversy, futile controversy, of Hindi and English.

I am not speaking Hindi; I cannot speak Hindi; I cannot speak chaste Hindi at least. If I wanted to express myself in Hindi, I can do so, but not in a chaste way. But even English is not my mother-tongue; not yours either, and there are very few people in this House in whose case English is the mother-tongue. But in spite of that, we have been brought up in the tradition of English literature and all that.

Would you like me to stop here and give me time tomorrow or could I finish now?

MR. DEPUTY-SPEAKER : We are adjourning now; she may continue her speech when we resume this debate next time. That will be all right.

DR. MAITREYEE BASU : Thank you, Sir.

12.59 HRS.

The Lok Sabha then adjourned for lunch till fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fourteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS—*contd.*

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि—

"यह सभा वर्तमान मंत्री परिषद् में अपने विश्वास के अभाव को व्यक्त करती है।"

उपाध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह प्रस्ताव इस सत्र के पहले दिवस ही आने वाला था, लेकिन हम लोगों ने सोचा कि आपको पहले मौका दिया जिस गलत रास्ते पर आप चल पड़े हैं उस से वापस हटने का और इसी लिये गवर्नर की नियुक्ति, गवर्नर के अधिकार—इन के बारे में यहाँ पर बहस उठाई गई। हमें आशा थी कि इस बहस का सरकार पर कुछ अच्छा असर पड़ेगा, लेकिन खेद के साथ कहना पड़ता है कि इस बहस का सरकार के ऊपर कोई असर नहीं पड़ा और जो गलत फैसला, जो खतरनाक फैसला हम चाहते थे कि यह सरकार न करे, वही उन्होंने किया। पहले तो पश्चिमी बंगाल के बारे में किया था, लेकिन बाद में सोचा कि लोग कहेंगे कि बंगाल के खिलाफ जान-बूझ कर यह कार्यवाही की गई है, बंगाल के ऊपर बलातकार किया गया, लोकतंत्र का वहां गला घोटा गया, तो इन्होंने सोचा कि हरियाणा पर भी बलात्कार करेंगे तो दो बलात्कार होने के कारण जनता हम को माफ करेगी और इसी लिये हरियाणा के बारे में भी सरकार ने गलत फैसला किया। लेकिन यह बात बिल्कुल साफ़ थी कि दोनों के बारे में फैसला एक ही समय हुआ था। हो सकता है कि आज प्रधान मंत्री और गृह मंत्री यहां पर कहें कि पश्चिमी बंगाल में जो हुआ उस के बारे में हमें कुछ नहीं कहना है, क्योंकि राज्यपाल ने अपने विवेकपूर्ण अधिकार का इस्तेमाल कर के यह काम किया है। लेकिन इस तरह की बातों का जनता के ऊपर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

सदन में दो-तीन रोज़ से बहस चल रही है। कल हरियाणा के गवर्नर का प्रवचन हम ने सुना—दल परिवर्तन की प्रवृत्ति के बारे में और हम को बताया गया कि दल परिवर्तन के कारण वहां पर अस्थिरता उत्पन्न हो गई है और इस अस्थिरता को खत्म करने के लिये और जो दल छोड़ने वाले लोग हैं, दल बदलने वाले लोग हैं, उन को दण्डित करने के लिये वहां हम, विधान सभा को बरखास्त कर रहे हैं, सरकार को हटा रहे हैं और दोबारा चुनाव कराने जा रहे हैं तो हरियाणा में दल छोड़ने वालों को दण्डित करने का प्रयास किया गया, लेकिन आज आप लोग देख रहे हैं कि पश्चिमी बंगाल में जो दल छोड़ने वाले लोग हैं, दल परिवर्तन करने वाले लोग हैं, उन को भेंट में उपहार दिया जा रहा है। पी० सी० घोष साहब मुख्य मंत्री बनाये गये हैं, उस का एकमात्र मतलब है कि कांग्रेस सरकार विरोधी दलों से जब लोग टूटते हैं तो उन का स्वागत करती है।

कल चव्हाण साहब ने गया-राम और आया-राम की बात कही थी। मुझे ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी को गुस्सा है उन लोगों से जो उनका दल छोड़ जाते हैं, गया-रामों से उन को गुस्सा है। विरोधी दल अगर टूटता है और उन दलों से कांग्रेस के अन्दर लोग चले आते हैं तो इन आया-रामों से उन को नफरत नहीं है, उन के लिये तो सुस्वागतम है, और इसी लिये न केवल पश्चिमी बंगाल में बल्कि इसी तरह की कार्यवाही बिहार में करने के लिये उन्होंने अपनी इच्छा के अनुसार एक गवर्नर को बिहार पर लादने का फ़ैसला किया है। आज इस सदन को मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि जो पश्चिमी बंगाल में हुआ है, वही कल बिहार में होनेवाला है और उस के बाद उत्तर प्रदेश का नम्बर होगा। तो जैसा कि हम लोगों ने मार्च-अप्रैल महीने में कहा था, हिन्दुस्तान में चौथे चुनाव के बाद युग परिवर्तन शुरू हुआ है, कांग्रेस का जो एकाधिकार था—केन्द्र और राज्य में, वह एकाधिकार खत्म होकर गैर-कांग्रेसी सरकारों के निर्माण का एक युग, एक प्रक्रिय शुरू हुई है। उस वक्त बात बिलकुल साफ थी कि या तो इस प्रक्रिया को हम लोग आगे ले जा कर इस सरकार को अपदस्थ करें, वर्ना अगर इन लोगों के हाथ में केन्द्रीय सरकार रही और ये सारे अधिकार रहे तो इन अधिकारों का दुरुपयोग कर के जनता ने जो मत व्यक्त किया था चौथे चुनाव में, उस मत के खिलाफ़ जाकर ये गैर-कांग्रेसी सरकारों को नाजायज़ ढंग से खत्म करने की चेष्टा करेंगे—आज वही हो रहा है।

आज संविधान की हत्या हो रही है। संविधान के अन्दर राज्यों को जो स्वायत्तता थी, राज्यों के जो अधिकार थे, उन सीमित अधिकारों को भी आज यह केन्द्र सरकार खत्म कर रही है और हम आज यह बात कहने के लिये बाध्य हो रहे हैं कि राज्य सरकारों की हैसियत नगरपालिकाओं से ज्यादा नहीं है। नगरपालिकाओं को भी ज्यादा गम्भीरता से विचार करने पर, राज्य सरकारें कभी-कभी तोड़ दिया करती हैं, लेकिन इन लोगों ने जान-बूझ कर संविधान की सारी धाराओं की अवहेलना कर के इन राज्य सरकारों को खत्म करने का काम किया है। क्या नतीजा होने वाला है?

उपाध्यक्ष महोदय, 9-10 साल पहले पाकिस्तान में भी यही स्थिति पैदा हुई थी और संविधान के साथ जिस तरह वहाँ पर खिलवाड़ हुआ, उस का यह नतीजा हुआ कि सेना ने इस में हस्तक्षेप किया और वहां पाकिस्तान में सैनिक शासन कायम हुआ। चार-पांच साल पहले अगर हिन्दुस्तान में सैनिक शासन की कोई चर्चा करता तो सभी लोग कहते —हो सकता है कि यह पाकिस्तान में हुआ, बर्मा में हुआ, दूसरे देशों में हुआ, लेकिन हिन्दुस्तान में यह कभी नहीं होगा, क्योंकि हिन्दुस्तान में हमारा संविधान है, चार दफ़ा चुनाव हुए हैं, यहां एक लोकतन्त्रीय प्रणाली है, परम्परा है, इस लिये सैनिक शासन इस देश में असम्भव है—यह हम को कहा जाता लेकिन धीरे-धीरे हम लोग देख रहे हैं कि हिन्दुस्तान में नागरिकों के खिलाफ़, उन की शहरी आजादी के खिलाफ़ धीरे-धीरे सेना का इस्तेमाल किया जा रहा है।

मैंने कुछ दिन पहले सुना, जानकार सूत्रों से पता चला—एक बड़े उद्योगपति ने एक बड़े जैनरल को खाने पर बुलाया था और उस वक्त इस बात की चर्चा हुई थी और उस जैनरल ने उस उद्योगपति से कहा—आप हम को हस्ताक्षेप करने के लिये दावत दे रहे हैं, तो फिर ऐसा समय आयेगा जब हम लोगों को कहना पड़ेगा, अगर आप लोग सम्भाल नहीं सकते हैं और सेना का इस्तेमाल गैरफौजी कामों के लिये करना चाहते हैं, अपने ही नागरिकों के खिलाफ अगर सेना का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो फिर सारा कारोबार आप सेना के सुपुर्द कर दीजिये। तो इस तरह के विचार आज सेना में और सेना

[श्री मधु लिमये]

के जो बड़े अधिकारी हैं, उन लोगों में इस तरह के विचार आने लगे हैं, तो मैं सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर इसी रास्ते पर यह सरकार चलती रही तो देश में न केवल गैर-कांग्रेसी सरकारें खत्म होंगी, बल्कि एक समय ऐसा आयेगा जब हिन्दुस्तान में लोकतन्त्रिक शासन भी खत्म हो जायेगा और फिर उस में इन्दिरा गांधी जी और चव्हाण साहब भी नहीं बचने वाले हैं।

आज उपाध्यक्ष महोदय, हमारे सामने जो सवाल है वह केवल कानूनी नहीं है। संविधान की धाराओं में बारीकी से जाकर उस की चर्चा करने का सवाल नहीं है। यह राजनीति का सवाल है और कांग्रेस के द्वारा जो क़दम इस के पहले उठाये गये थे और आज उठाये जा रहे हैं उस के पीछे एक ही भावना है कि कांग्रेस पार्टी एकाधिकार शाही की इतनी आदी हो गई है कि वह किसी भी हालत में सत्ता को नहीं छोड़ना चाहती।

हम लोगों में से कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने कि स्वतंत्रता के बाद 18–20 साल तक विरोधी दलों में रह कर अपने सिद्धान्तों के अनुसार काम किया है। लेकिन क्या वजह है कि 20 साल के बाद जब कांग्रेस को 8–9 राज्यों में हुकूमत को छोड़ना पड़ा, जनता ने हराया तो ये लोग एक, दो महीने के अन्दर गैर-कांग्रासी सरकारों को खत्म करने के लिए कार्यवाहियां करने लगे, षड़यन्त्र रचने लगे और उस काम में केन्द्रीय सरकार ने हमेशा उन की सहायता की ? जब कभी केन्द्र और राज्य के रिश्ते के बारे में यहां बहस उठाई जाती है तो हमेशा हम को जवाब मिलता है कि गैर-कांग्रेसी सरकारों के साथ कोई विषम व्यवहार हम लोग नहीं कर रहे हैं। हम उन के साथ समानता का व्यवहार कर रहे हैं। लेकिन धीरे-धीरे बात बिलकुल साफ हो रही है कि अपने केन्द्रीय अधिकारों का नाजायज ढंग से इस्तेमाल करके इन सरकारों के ऊपर रोक लगाई जा रही है।

मैं यह मानता हूं कि गैर-कांग्रेसी सरकारों का निर्माण होने के पश्चात् जिस ढंग से उन सरकारों को काम करना चाहिए वह काम नहीं हुआ है और हम लोग चाहते थे कि गैर-कांग्रेसी सरकारें कार्यक्रम अभिमुख बनें, नीतियों का पालन करें और कार्यक्रमों को जल्दी अमल में लायें। वह बात नहीं हो पाई है मैं मानता हूं लेकिन उस का यह मतलब नहीं है कि इस से कांग्रेस को कोई अधिकार मिल जाता है इन सरकारों को ख़त्म करने का।

आज का यह प्रस्ताव केवल कांग्रेस पार्टी ने, केन्द्रीय सरकार ने हरियाणा में और बंगाल में जो किया उस को लेकर ही नहीं है। जो इन की बराबर नीतियां रहीं मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि जब दल परिवर्तन की निन्दा चव्हाण साहब करते हैं तो वह भूल जाते हैं कि दल परिवर्तन की ख़तरनाक प्रवृत्ति इन्हीं लोगों ने हमारे देश में कायम की। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि 1952 में राजस्थान में यह हार चुके थे अगर विरोधी दलों से कुछ लोगों को लालच दिखा कर अगर यह लोग अपने दल में नहीं ले आते तो सन् 1952 में भी राजस्थान में इन की सरकार नहीं बन सकती थी। सन् 1962 में आप जानते हैं मध्य प्रदेश में यह हार चुके थे। उस वक्त भी विरोधी दलों में फूट डाल कर और उन लोगों को अपने दल में शामिल करके इन लोगों ने अपना बहुमत कायम किया और मध्यप्रदेश सरकार पर यह हावी हो गये चौथे आम चुनाव के बाद सब से पहले दल परिवर्तन की प्रवृत्ति को कांग्रेस पार्टी ने चालू किया उसे प्रोत्साहन दिया। अगर यह प्रवृत्ति नहीं होती तो राजस्थान में इन की सरकार नहीं बनती लेकिन राजस्थान में सुखाड़िया साहब सरकार की बागडोर को छोड़ना नहीं चाहते क्योंकि उन के खिलाफ तरह तरह के इलज़ामात थे। यह सोना कांड का भी मामला था और वह अच्छी तरह जानते थे कि अगर वह सत्ता में नहीं रहगे तो जो नई सरकार आयेगी जिस तरह बिहार में

मंत्रियों के खिलाफ़ जो अभियोग लगाये गये हैं उन की जांच करने के लिये वहां कमिशन बैठाया गया इसी तरीक़े से राजस्थान में भी होता और यही वजह है कि राजस्थान में दल परिवर्तन के जरिए उन्होंने अपनी सरकार को जमाया। उत्तर प्रदेश में भी आप जानते हैं कि 15 दिन जो चन्द्रभानु गुप्त की सरकार बनी। विरोधी दलों से लोगों को तोड़ कर ही इस सरकार का संगठन किया गया। इसलिए जहां तक दल परिवर्तन का सवाल है यह कांग्रेस पार्टी ही दोसी है उसी के द्वारा यहप्रवृत्ति चलाई गई है और उसका साफ़ मतलब है कि कांग्रेस पार्टी आया-रामों का स्वागत करेगी लेकिन जोगया राम हैं उन का स्वागत करने के लिए वह तैयार नहीं हैं। उस को वह बहुत ख़तरनाक समझते हैं।

SHRI SHASHI RANJAN (Pupri): I would like to rise on a point of order. He has just now mentioned about Bihar. An inquiry commission has been instituted there.

AN HON. MEMBER: Against Shri K. B. Sahay.

SHRI SHASHI RAJAN: No finding has come yet. Prior to this they had instituted a one-man inquiry committee constituted of Shri Bakshi. He gave a clear signal... (*Interruptions*).

MR. DEPUTY SPEAKER: Please resume your seat. What he has referred to is only inquiry. Beyond that, he has not said anything.

श्री मधु लिमये:

उपाध्यक्ष महोदय, जिस तरह नैतिकता, लोकतंत्र और संविधान, का ख़ात्मा इस सरकार ने किया है उसी तरीक़े से देश की जो अर्थ-व्यवस्था है खेती और कारखाने, और हमारे आयात, निर्यात और व्यापार उस को इस सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में चौपट किया है। हमारे लायक़ दोस्त श्री अशोक मेहता जब कांग्रेस में गये तो उन को उपाध्यक्ष बनाया गया योजना आयोग का...

एक माननीय सदस्य: काबलियत पर बने।

श्री मधु लिमये: मैंने तो कहा मेरे लायक़ दोस्त, आप ने सुना नहीं। बहुत लायक़ हैं। वह जब गये तो उपाध्यक्ष महोदय, कुछ लोगों का ख़याल था कि वह बड़े विद्वान आदमी हैं, अर्थ शास्त्री हैं। योजना आयोग में जाने के पश्चात् देश की जो आर्थिक तरक्की का ढांचा और नक़शा वह बनायेंगे लेकिन उन के जाते ही उन्होंने पंचवर्षीय योजनाओं को ही समाप्त कर डाला। चौथी पंचसाला योजना अब तक इस सदन् के सामने नहीं आई है और अब जो नये उपाध्यक्ष हैं उन्होने यह कहा है कि शायद यह पांच साल की जो अवधि है उस में यह चौथी योजना नहीं आ पायेगी। हर साल हम कोई एक साल की योजना बनायेंगे और इस देश के सामने लायेंगे।

कहा जाता है कि चीनी आक्रमण के कारण या पाकिस्तान के साथ जो लड़ाई हुई उस के कारण सुरक्षा का बोझ बढ़ा, खर्चा बढ़ा इसलिए हमारी आर्थिक प्रगति में, तरक्की में बाधा उत्पन्न हुई।

लेकिन राष्ट्रीय आमदनी के अगर आप आंकड़े देखेंगे तो आप को पता चलेगा कि चीनी आक्रमण के पहले ही हमारी जो रफ़्तार है वह धीमी पड़ चुकी थी, आर्थिक प्रगति का रास्ता कुंठित हो गया था और मैं तो यहां तक जाकर कहूंगा कि चीनी आक्रमण भी इसीलिये शायद हुआ क्योंकि इन्होंने देखा कि हिन्दुस्तान सभी दृष्टियों से कमजोर हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से, विदेश नीति की दृष्टि से, संकल्प शक्ति की दृष्टि से भी, आर्थिक और औद्योगिक दृष्टि से भी क्योंकि चीनी आक्रमण के पहले दो वर्षों में हमारी आर्थिक प्रगति एकदम रुक गई थी और चीनी आक्रमण के पश्चात् यह जो सिलसिला पहले से शुरू हुआ था वह सिलसिला और जोरों से चालू रहा।

तीसरी पंचसाला योजना में उन लोगों ने राष्ट्रीय आमदनी बढ़ाने के बारे में जो लक्ष्य अपने सामने रक्खा था उस को ये लोग आधा भी पूरा नहीं कर पाये और चौथी पंचसाला

[श्री मधु लिमये]

योजना के पहले दो वर्षों की आर्थिक स्थिति अगर हम देखेंगे तो आर्थिक स्थिति सुधारने के बजाय और खराब होती जा रही है। सरकार की जितनी सारी नीतियां हैं उन नीतियों का यह नतीजा निकला है कि हमारी पैदावार बढ़ने के बजाय अवरुद्ध हो गई है। सरकार की किसी भी नीति को आप देख लीजिये। इसी सत्र में और उस के बाद सरकार ने सीमेंट के बारे में चीनी के बारे में रूई के बारे में नई-नई नीतियां अपनाई। आप जानते हैं कि दीवाली के अवसर पर पूजा के अवसर पर, चीनी के दाम इस देश में 7 रुपये, 8 रुपये और 9 रुपये किलो तक हुए थे। और उस का कारण यह है कि उन की जो चीनी के बारे में नीति है वह जो उपभोक्ता है, नागरिक है, उस के हित में नहीं है। मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि उन की नई नीति के कारण चीनी पैदा करने वाले जो कारखाने वाले हैं, उन को एक टन के पीछे 300 या 400 रुपया अतिरिक्त मुनाफा होने वाला है। इस का मतलब है कि अगर चीनी की पैदावार इस साल 25 लाख टन हुई तो 10 लाख टन मुक्त व्यापार के जरिये बेची जा सकती है। एक टन पर अगर 400 रुपया मिलता है तो 10 लाख टन पर 40 करोड़ रुपया अतिरिक्त मुनाफा कारखानेदारों को मिल जायेगा। उस के बाद वितरण करने वाले लोग भी जनता को लूटेंगे वह एक दूसरी बात है। इस तरह से सरकार की चीनी सम्बन्धी जो नीति है उस का साफ नतीजा यह हुआ कि 40 करोड़ रुपया मिल मालिकों को अतिरिक्त मुनाफे के तौर पर मिला। जब इस तरह की सुविधा यह सरकार मिल मालिकों को देती है और उपभोक्ताओं को लूटने का अवसर उन लोगों को मिलता है तो जरूर उस के पीछे कोई न कोई षड़यन्त्र है। मुझ को कलकत्ते में खबर मिली है कि इस तरह की नीति अपनाने के लिये जब सरकार का मन परिवर्तित किया गया तब उन लोगों को 25 लाख रुपये घूंस के तौर पर दिये गये हैं। मैंने जानकार सूत्रों से इस का पता लगाया है। जब इस तरह की बातें हमारे देश में होंगी...

एक माननीय सदस्य : सिर्फ 25 लाख रुपया ?

श्री मधु लिमये : क्या 25 लाख रुपया कम है ? सारी लाज और शर्म इन लोगों ने छोड़ दी है। यह लोग कहते हैं कि 25 लाख रुपया भी जो रिश्वत के तौर पर दिया गया है, वह कम है।

सीमेंट के बारे में भी आप जानते हैं कि जब लोगों को सहूलियत दी गई, जब उस के दाम बढ़ाए गये तब सरकार सीमेंट में से जो हिस्सा लेने वाली थी वह उस ने पूरा नहीं लिया। जो भी सीमेंट बच गया उस को खुली मंडी में बेचने का उन को मौका मिला। उस से जो पैसा उन लोगों को मिला उस का इस्तेमाल उन्होंने राजनीति पर अपना असर डालने के लिये और इस संसद् को गुलाम बनाने के लिये किया। खुल्लम खुल्ला इस तरह के बयान निकले हैं कि सीमेंट उद्योग ज्यादा मुनाफा कमाये इस के लिये जो प्रयत्नशील रहेंगे उन को मदद करने के लिये इस पैसे का इस्तेमाल करना कोई भ्रष्टाचार नहीं है, कोई अनुचित काम नहीं है। इस लिये खुल्लम खुल्ला उन लोगों के द्वारा यह काम किये गये।

निर्यात व्यापार के बारे में आप से निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार की जितनी सारी नीतियां रही हैं, उन का नतीजा यह हुआ है कि जो भ्रष्टाचारी पूंजीपति हैं, कारखाने वाले हैं, उन को हमेशा बढ़ावा मिला है। कई मामलों को मैंने इस सदन में उठाया है। आप जानते हैं कि व्यापार मंत्रालय के तहत जो टेक्स्टाइल कमिश्नर का कार्यालय है, ज्वायेंट चीफ कंट्रोलर आफ इम्पोर्टस एन्ड एक्सपोर्टस का कार्यालय है, उस के बारे में कई किस्म की शिकायतें मैंने की, और इस इस लिये नहीं कि वह कोई छोटी बात थी, बल्कि इस लिये कि जो हमारी नौकरशाही है, मंत्री शाही है और बेईमान पूंजीपति हैं, इन तीनों ने मिल कर

देश की अर्थ-व्यवस्था को चौपट किया है। इस लिये जहां-जहां इस तरह के नाजायज काम हम को देखने को मिलते हैं, उन के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश हम करते हैं। लेकिन यह सरकार कभी इसके बारे में जांच करने के लिये तैयार नहीं है। दोराईस्वामी जैसे भ्रष्ट अधिकारी के बारे में सबूत के साथ एक नहीं सात आरोप पेश किये गये। सबूत देने के बाद भी क्या वजह है कि इस सरकार ने अभी तक इस अधिकारी को मोअत्तल नहीं किया है, निकाला नहीं है? इस का कारण यह है कि यह सारे अधिकारी जो काम करते हैं, मैं मानने के लिये तैयार नहीं हूं कि मंत्रियों को उन का पता नहीं रहता है, मंत्रियों को उन का पता रहता है, लेकिन उन का भी उस में हिस्सा रहता है, और बार बार पब्लिक अकाउंट्स कमेटी ने इस को साबित भी किया है। उस ने बार बार कहा है कि पूंजीपति, मंत्रीशाही और नौकरशाही तीनों के अपवित्र गठबन्धन से आज हमारी अर्थ व्यवस्था खत्म होती जा रही है।

इस लिये आज भ्रष्टाचार को बनाये रखने वाली, आर्थिक प्रगति में बाधा डालने वाली, चीनी का मामला हो, सीमेंट का मामला हो, उपभोक्ताओं को लूटने की नीति अपनाने वाली जो सरकार है उस को हटाने के लिये यह प्रस्ताव हम लोग लाये हैं।

आप को याद होगा कि तीसरे चुनाव तक जब कभी चुनाव अभियान होता था तो हमेशा यह प्रचार किया जाता था कि कांग्रेस सरकार के रहते हुए दुनिया में हिन्दुस्तान की इज्जत बहुत ज्यादा बढ़ी है। 1962 तक यह भी प्रचार किया जाता था, और अभी भी यह लोग कहते हैं कि दुनिया भर के सभी देशों से मित्रता और सद्भाव के सम्बन्ध हमारे हैं। अमरीका हो, रूस से हो, इंग्लैंड हो, फ्रांस से हो, सभी से हमारे अच्छे रिश्ते हैं और चीन दिन प्रति दिन अलग पड़ता जा रहा है। लेकिन हम लोगों ने देखा चाहे जितनी भी सहानुभूति हिन्दुस्तान से दुनिया को रही हो, जब कसौटी का क्षण आया, जब लड़ाई का समय आया, तो जिस के बारे में कहा जाता था कि वह दुनिया से अलग पड़ गया है उसी चीन ने हम को हराया और आज दुनिया में हिन्दुस्तान की प्रतिष्ठा गिरी।

अभी-अभी मैं मास्को गया था। वहां एक किस्सा हुआ जो कि बड़ा ही दर्दनाक है, और शर्म के मारे हम को अपना सिर झुकाना पड़ता है। मुझे बतलाया गया कि वहां जो यंग पायोनियर्स होते हैं उन की एक सभा में रूसी सेना के एक अधिकारी वर्तमान संघर्षों के बारे में बोलते हुए अल्जीरिया का जिक्र किया, वियतनाम का जिक्र किया, अरब इजराइल का जिक्र किया और हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पन्द्रह-सोलह दिन तक यह लोग आपस में लड़े। जब उन का बारूद, उन का ऐम्यूनिशन खत्म हुआ तो उस के बाद उन्होंने युद्धबन्दी को कबूल किया। इस पर आठ-नौ साल के लड़के हंस पड़े क्योंकि उन लोगों ने पहले महायुद्ध में, गृह-युद्ध में, क्रान्ति के समय और द्वितीय महायुद्ध में इतना बड़ा बलिदान कर के अपनी मातृभूमि की रक्षा की थी। लेकिन जब उन्होंने देखा कि 50 करोड़ का यह हिन्दुस्तान लड़ नहीं पाता है, आगे बढ़ नहीं पाता है और बारूद और हथियारों की कमी के कारण अन्त में यह दोनों देश युद्धबन्दी कबूल करते हैं, तब आप अन्दाज लगा सकते हैं कि उन बच्चों के मनों में भारत के बारे में क्या भावना पैदा हुई होगी।

किसी भी सरकार के लिये यह जरूरी है कि लोगों को खाना दिलाने के लिये बढ़िया इन्तजाम करे और मातृभूमि की रक्षा करे। जनता के खाने पीने का सवाल हल नहीं हुआ, लगातार जगह-जगह अकाल और कमी का सामना करना पड़ा, लेकिन खाना और पेट के मामले को मैं एक क्षण छोड़ता हूं, मगर किसी सार्वभौम राज्य के लिये यह आवश्यक है कि वह अपनी मातृभूमि की रक्षा

[श्री मधु लिमये]

करे। हमेशा कहा जाता है कि हमारे जो वामपन्थी कम्यूनिस्ट हैं वह देशद्रोही हैं, देश के प्रति उन की निष्ठा नहीं है। लेकिन मैं आज कहना चाहता हूं कि अगर वह लोग दिमाग से देशभक्त नहीं हैं तो कांग्रेसी आचरण में देशद्रोही हैं। कांग्रेसी लोग अपने काम में देशद्रोही हैं जब कि वह लोग केवल विचारों में हैं। हिन्दुस्तान की जो भूमि आज विदेशियों को दी गई है वह राममूर्ति जी के द्वारा या गोपालन साहब के द्वारा नहीं दी गई है। कम्युनिज्म के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक वे अधिकार में नहीं आते हैं, वे अराष्ट्रीय होते हैं लेकिन जब वे अधिकार में आते हैं तो वे अतिराष्ट्रीवादी बन जाते हैं।

रूमानिया का उदाहरण आपके सामने है, युगोस्लिविया तथा अल्बानिया का है, चीन का है। लेकिन यह जो कांग्रेस पार्टी है ऐसी विचित्र पार्टी है कि जब विरोध में थी तब राष्ट्रीयता की भावना पर चल रही थी लेकिन अधिकार में आने के पश्चात् यह राष्ट्रद्रोही और देशद्रोही बन रही है और हमारी भूमि का एक-एक टुकड़ा विदेशियों को देती चली आ रही है (**इंटरप्शंस**) आपको क्यों बुरा लग रहा है, सही बात तो है। स्वतंत्रता के बाद जो हमारी ज़मीन थी आज वह उतनी नहीं रह पाई है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसी सरकार हो कि जो अपनी सीमाओं की रक्षा न करने के पश्चात भी अधिकार में रही हो। लेकिन यहां लगातार यह सिलसिला चलता आ रहा है।

कुछ दिन पहले यहां पर बयान दिया गया और वह बयान श्री मोरारजी देसाई के द्वारा दो चीन वाली नीति के बारे में वक्तव्य दिया गया था उसके बारे में दिया गया था। मोरारजी भाई का वक्तव्य सुनने के पश्चात मुझे ऐसे लगने लगा था कि इनको कुछ अकल आ रही है लेकिन इन्दिरा गांधी जी का बयान सुनने के बाद मुझे ऐसा लगा कि यह मेरी गलतफहमी थी और इनको कभी अकल नहीं सूझी है।

आज विदेश नीति हमारी क्या है? किसी देश को या किसी राज्य को मान्यता देने के बारे में हमारी कोई नीति नहीं है, कोई सिद्धान्त नहीं है। आज कीसिंगर साहब का बयान मैंने देखा है। उन्होंने कहा है कि पूर्व जर्मनी को मान्यता देने वाले देश के बारे में हम ऐसा मानेंगे कि वे हमारे मित्र नहीं हैं, उनका व्यवहार दुश्मन जैसा है। क्या मतलब है इसका? इसको वे लोग हालष्टाइन डाक्ट्रिन कहते हैं। लेकिन जो डट कर आगे बढ़ता है उसके सामने इनका हालष्टाइन डाक्ट्रिन गायब हो जाता है। रूस के बारे में यह पहले से ही गायब था। लेकिन आप लोग जानते हैं कि इन दिनों में रूमानिया के साथ उन्होंने कूटनीतिक रिश्ते कायम किये हैं। क्या रूमानिया के राजनयिक रिश्ते, कूटनीतिक रिश्ते पूर्व जर्मनी के साथ नहीं हैं? फिर भी रूमानिया के साथ पश्चिमी जर्मनी को कोई एतराज नहीं है कूटनीतिक सम्बन्ध कायम करने को। लेकिन अगर हिन्दुस्तान यह सिद्धान्त रखता है कि जो राज्य अस्तित्व में है, जिसकी अपनी सरकार है, जिसकी अपनी सीमाएं हैं चाहे वह राज्य अच्छा हो सैद्धान्तिक दृष्टि से, वैचारिक दृष्टि से या खराब हो, पूंजीवादी हो या समाजवादी हो, कम्युनिस्ट हो या लोकतांत्रिक हो, तानाशाही राज्य हो या संसदीय प्रणाली वहां पर हो, उसका रंग क्या है इससे हमें मतलब नहीं है, अगर वह राज्य अस्तित्व में है, तो उसके साथ कूटनीतिक रिश्ते कायम करने की हमारी नीति है। इस तरह की नीति का एलान अगर इस सरकार के द्वारा होता तो आज जो हमारी फजीहत हो रही है वह नहीं होती। हम लोग इज़राईल को मान्यता तो देते हैं लेकिन कहते हैं कि इज़राईल के साथ कूटनीतिक रिश्ते हमारे नहीं होंगे। क्यों नहीं होंगे? रूस रखता है, अमरीका रखता है, आपको क्या एतराज है? सोचते हैं अरब नाराज हो जायेंगे, पाकिस्तान को यह अच्छा नहीं लगेगा। इनका कोई अपना सिद्धान्त नहीं है। उसी तरह अध्यक्ष महोदय, पूर्व जर्मनी से ये नाता रिश्ता क्यों नहीं रखते हैं? इसलिए

नहीं रखते हैं कि पश्चिमी जर्मनी नाराज हो जाएगा। अमरीका नाराज हो जाएगा। जो राज्य अस्तित्व में है उसके साथ व्यापार तो बढ़ाना चाहते हैं लेकिन उसके साथ कूटनीतिक रिश्ते प्रस्थापित नहीं करना चाहते।

चीन के बारे में इनको क्या पड़ी थी यह कहने की कि फार्मुसा किस का है? असली बात तो यह है कि चीन की भूमि पर एक पेकिंग की सरकार है और फार्मुसा की भूमि पर च्यांग काई शेक की सरकार है। दोनों खराब हैं अपनी दृष्टि से। लेकिन उससे क्या मतलब। पेकिंग वाली सरकार खराब होते हुए भी, आक्रमणकारी होते हुए भी वहां पर है। उसके बारे में आप कहते हैं और हमेशा इस सरकार ने कहा है कि वास्तविकता को कैसे भुलाया जा सकता है। अमरीका के साथ इन्होंने विवाद किया कि वास्तविकता को आप नहीं भुला सकते हैं, इसलिए पेकिंग चीन को मान्यता देनी चाहिये। मैं इनसे कहूंगा कि फार्मुसा चीन भी वास्तविकता है, यह अच्छी वास्तविकता हो या नहीं है लेकिन इस वास्तविकता से मुंह फेर कर, आंखें मूंद कर हम लोग आगे नहीं बढ़ सकते हैं। सही नीति यही होती कि फार्मुसा सरकार को भी मान्यता पेकिंग सरकार को भी मान्यता, बान सरकार को मान्यता, उसी तरह से पूर्व जर्मनी को भी मान्यता, अरब राज्यों को मान्यता, उसी तरह इजराईल को भी मान्यता। वही बात मैं उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बारे में कहूंगा। दुनिया में जितने खंडित देश हैं उन के अलग-अलग राज्य बने हैं। इनके बारे में इस सरकार की कोई नीति नहीं है। मैं आज कहना चाहता हूं कि हमारी विदेश नीति हिन्दुस्तान में तय नहीं होती, कभी वह मास्को में होती है, कभी वह वाशिंगटन में होती है, कभी वह काहिरा में होती है और कभी किसी और जगह होती है।

जहां तक वियतनाम का सम्बन्ध है, मैं समझ सकता था अगर ये लोग चुप बैठते। तब इनको बिल्कुल चुप बैठना चाहिये था। लेकिन इन लोगों की नीति क्या है? इन्दिरा गांधी जी कालीकट में बोलीं तो कहा कि वियतनाम के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है। फिर वाशिंगटन गईं, वहां जानसन साहब से मिलीं और वहां कहा कि मैं समझ सकती हूं अच्छी तरह कि अमरीकी लोग वियतनाम पर क्यों बमबारी कर रहे हैं। फिर मास्को गईं तो वहां जा कर इन्होंने आलोचना की कि अमरीकी लोग बहुत खराब काम कर रहे हैं। इस तरह आप देखेंगे कि इन लोगों की नीति बिल्कुल गंगा गए तो गंगादास और जमना गए तो जमना दास वाली हो गई है। कोई इनकी अपनी बुनियाद नहीं है, कोई इनका सिद्धान्त नहीं है। यही वजह है कि आज दुनिया में इनकी बिल्कुल हंसी हो रही है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : (बलरामपुर) : लेकिन ये हैं त्रिवेणी दास :

श्री मधु लिमये : मैं विदेश नीति के बारे में इतना ही कहना चाहता हूं कि जिस देश की नीति मानव जाति के कल्याण और राष्ट्र हित, दोनों में समन्वय स्थापित करके नहीं चलाई जाती है वह कभी सफल नहीं हो पाता है और न हो पाएगा।

तिब्बत के बारे में मास्को में दो साल पहले रूसी नेताओं से मेरी बातचीत हुई थी। अब की बार भी हुई है। धीरे-धीरे अब वे लोग समझ रहे हैं कि तिब्बत में चीन के द्वारा जो किया जा रहा है, वह मानव अधिकारों की हत्या है। अभी भी तिब्बत की स्वतंत्रता को कबूल करने की बात यह सरकार करने के लिए तैयार नहीं है। जब रूस की नीति बदलेगी तब शायद ये लोग सोचेंगे। लेकिन मेरा अपना खयाल है कि तिब्बत के बारे में अगर पहले से इनकी राय स्पष्ट होती तो आज रूस की जनता में भारत के प्रति जो सद्भावना है उसका इस्तेमाल करके चीन के आक्रमण को रोकने के काम में रूस की सक्रिय सहायता हम लोगों को और ज्यादा मिल सकती थी। लेकिन रूसी जनता के मन में जो सद्भाव है भारत के प्रति उसका यह अयोग्य और नालायक सरकार

[श्री मधु लिमये]

फायदा उठाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि इनकी कोई दूर दृष्टि नहीं है। तिब्बत के बारे में ताशकंद रेडियो से आजकल खबरें निकल रही हैं और वहां चीन के द्वारा जो अत्याचार किये जा रहे हैं, उसकी आलोचना की जा रही है। लेकिन अभी भी सरकार तिब्बत के बारे में इसकी जो पुरानी सड़ी गली नीति है उसके ऊपर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं है।

उसी तरह सीमाओं के बारे में यहां कई बार बहस हुई है। पाकिस्तान के बारे में बहस हुई है। मैं इस सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि पाकिस्तान और हिन्दुस्तान जैसे साधारण दो पड़ोसी होते हैं उस तरह के दो पड़ोसी नहीं हैं। इनके रिश्ते साधारण पड़ोसियों के बीच में जो रिश्ते होते हैं उसकी तरह के न होने के कारण इनके प्रश्नों को एक एक करके अलग-अलग हल नहीं किया जा सकता है। हम लोगों ने देखा कि नेहरू-लियाकत करार हुआ और यह कहा गया कि शान्ति का युग शुरू हो गया है। लेकिन वह कहां गया? उसके बाद नून-नेहरू करार हुआ, सिंधु नदी के पानी के बंटवारे के सम्बन्ध में करार हुआ, कच्छ के बारे में करार हुआ और फिर ताशकंद करार हुआ। लेकिन हमने हमेशा देखा है कि दो तीन महीने तक तो ये खूब शान्ति के गीत गाते हैं और कहते हैं कि यह चार्टर आफ़ पीस है, लेकिन उसके बाद फिर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, गोलीबारी शुरू हो जाती है और फिर वही स्थिति—या उससे भी खराब स्थिति—उत्पन्न हो जाती है।

इस सरकार को अभी फ़ैसला करना है कि पाकिस्तान के साथ अलग-अलग सवालों पर विचार उनको हल नहीं किया जा सकता है। सभी सवालों पर एक-साथ विचार हो, जिससे एक सुरक्षा नीति, एक विदेश नीति और एक यातायात और विकास के बारे में नीति निर्धारित हो सके। उसके साथ एक-एक सवाल को अलग अलग बातचीत कर के हल निकालने की जो कोशिश है, वह कभी सफल नहीं होगी।

जब पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते खराब होते हैं, तो हमको खान अब्दुल गफ्फ़ार खां याद आते हैं; हमको याद आता है कि पूर्वी बंगाल की स्वायत्तता को कुचला जा रहा है, लेकिन जब ताशकंद करार होता है, तो हम पख्तूनिस्तान की जनता को भी भूल जाते हैं और पूर्वी बंगाल की आज़ादी को भी भूल जाते हैं। इस तरह की मौकेबाज़ी और अवसरवादिता की नीति को समाप्त कर के सरकार उन पुराने वादों और अभिवचनों के बारे में, जो कि हमने बादशाह खां को दिये, और इस बारे में हमारा जो दायित्व है, उसके बारे में हमेशा के लिए एक निश्चित और ठोस नीति बनाए और उस पर अमल करे।

हमको ऐसा लगता है कि विनोबा भावे ने तो भूदान की चर्चा आन्तरिक भूमि समस्या को हल करने के लिए की थी, लेकिन उनके विचारों का असर इस सरकार पर इतना ज्यादा हुआ है कि यह चीन और पाकिस्तान के साथ एकतरफ़ा भूदान और ग्रामदान चला रही है। यह सरकार अपनी भूमि देती जाती है, अपने ग्राम देती जाती है। इस सरकार के द्वारा कभी यह दृढ़ संकल्प नहीं किया गया है कि हमारी भूमि पर जो आक्रमण करेगा, उसका हम डट कर विरोध करेंगे।

मैं सरकार को कहना चाहता हूं कि हमेशा दूसरों के द्वारा पकाए जाने वाले सवालों पर ही अपनी राय देने में बुद्धिमानी नहीं है। रोडेशिया का सवाल है, दक्षिण अफ्रीका का सवाल है, मोज़म्बीक और अंगोला का सवाल है। आज भी पुर्तगाल के जेलों में हमारे दो देशभक्त सड़ रहे हैं। उनको छुड़ाने के लिए सरकार के द्वारा कोई प्रबन्ध नहीं किया गया है। बल्कि इनके पास जो पुर्तगाल के कैदी थे, उनको इन्होंने पहले ही बिना-शर्त छोड़ दिया। साम्राज्यवाद-विरोध की हमारी जो नीतियां हैं, उनको रोडेशिया, दक्षिण अफ्रीका, मोज़म्बीक और अंगोला में चालू करने के लिये सरकार के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मैंने सुना है कि दक्षिण अफ्रीका के कुछ

प्रतिनिधि हिन्दुस्तान में आए थे। मैं सरकार से यह जानना चाहूंगा कि क्या इन लोगों की मदद करने के लिए उसने कोई निश्चय किया है।

रोडेशिया में जो अल्पसंख्यक सफ़ेद लोगों की तानाशाही हुकूमत है, उसको बातचीत के ज़रिये खत्म नहीं किया जा सकता है। अब वहां सशस्त्र संघर्ष का ज़माना आया है और इस बारे में हिन्दुस्तान को भी अपना दायित्व पूरा करना है। इस लिए मैं यह कहूंगा कि अपनी विदेश नीति के बारे में यह सरकार सोचे।

जहां तक आणविक हथियारों का सम्बन्ध है, मैं आज यह नहीं कह रहा हूं कि आज हम आणविक हथियार बनाने की स्थिति में हैं या हमको इन हथियारों का तत्काल निर्माण करना चाहिए। लेकिन मैं यह ज़रूर कहुंगा कि जिस तरह मास्को संधि पर हस्ताक्षर करने में इस सरकार की ग़लती हुई, उसी तरह की ग़लती वह दबाव में आ कर फैलाव रोकने वाली संधि के बारे में ज़रूर करती; अगर इसने आज तक ऐसा नहीं किया है, तो यह अपनी ताकत के कारण नहीं, बल्कि चूंकि रूमानिया और दूसरे कई देश इस नीति का डट कर विरोध कर रहे हैं, इस लिए इसकी हिम्मत हो रही है, वर्ना यह अपने अधिकारों को बेच डालती, मेरे मन में यह शक है।

मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आणविक हथियारों का आज ही निर्माण किया जाये। मैं चाहता हूं कि हमारे इस अधिकार को आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखा जाये, जब कि हमारे देश की आर्थिक और औद्योगिक स्थिति सुधरेगी और हमारे यहां वैज्ञानिक प्रगति हो जायेगी। इसलिए हम अपनी आने वाली पीढ़ी को बांधना नहीं चाहते हैं कि देश की रक्षा के लिए वह क्या-क्या कदम उठाए।

निश्शस्त्रीकरण के प्रश्न पर ध्यान देते हुए इन्दिरा गांधी की सरकार को यह भी कोशिश करनी चाहिए थी कि दुनिया से ग़रीबी को मिटाने के लिए जानसन, कोसिजिन और दूसरे देशों के मुतसद्दियों को एक जगह पर लाया जाता। लेकिन इधर पंद्रह बीस साल से हिन्दुस्तान विदेश नीति के क्षेत्र में कोई पहल नहीं कर रहा है। शुरू के दो तीन सालों में इस तरह के कुछ पग उठाए गए थे। 1947 में हिन्देशिया के प्रश्न को उठाया गया था और यहां पर एशियन सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें तिब्बत आया था। शुरू के इन दो तीन कामों को छोड़ कर इधर पंद्रह सालों में हिन्दुस्तान के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में किसी भी तरह की पहल करने का काम नहीं किया गया है। इसी लिए इस सरकार की विदेश नीति, सुरक्षा नीति, औद्योगिक और आर्थिक नीति, राजनीति, संविधान, कानून और ग़ैर-कांग्रेसी सरकारों के प्रति इसकी नीति, इन सब नीतियों के खिलाफ़ यह प्रस्ताव है।

सब से बड़ा सवाल खेती का है। 1947 के बाद खेती के बारे में इस सरकार ने जो उपेक्षा की नीति अपनाई है, उसकी वजह से एक बुनियादी चीज़ के बारे में—अनाज के बारे में—हमारा देश आत्मनिर्भर होने के बजाय आज विदेशियों की तरफ़ ताकता रहता है। जब कभी स्वेज़ का मामला आता है, या कोई और मामला आता है, तो हमारे मन में हमेशा यह चिन्ता रहती है कि अनाज ले कर जो जहाज़ आ रहे हैं, वे आ पायेंगे या नहीं। 1950–51 में जहां हम 20 लाख टन अनाज मंगाया करते थे, वहां पिछले वर्ष हम को अमरीका और दूसरे देशों से 110 लाख टन अनाज मंगाना पड़ा। इसका कारण यह है कि लगातार इस सरकार के जो खाद्य मंत्री और खेती मंत्री रहे हैं, उन्होंने इस मामले को हल करने की कोशिश नहीं की। रफ़ी अहमद किदवई के बाद पाटिल साहब मंत्री बने। मुझे याद है कि मंत्री बनने के पश्चात् सब से पहले उन्होंने अफ़सरों की सभा बुला कर उनसे यह निवेदन किया था कि अब मैं खेती मंत्री बना हूं, मुझे ज़रा समझाइये कि खरीफ़ और रबी क्या बला है। इस तरह के कृषि पंडितों को खेती मंत्री बनाया जाता है।

[श्री मधु लिमये]

उसके बाद खेती की समस्या को हल करने के लिए उन्होंने हिन्दुस्तान में कोशिश नहीं की; वह खेती की समस्या हल करने के लिए वाशिंगटन चले गए। वह चाहते थे कि वाशिंगटन में इस समस्या का हल निकाला जाये। उनका इंगलैंड में 1961 में दिया गया भाषण मेरे पास है, जो हिन्दुस्तान के कई अखबारों में प्रकाशित हुआ था। उन्होंने कहा था कि अब हमारे सामने समस्या अधिक अनाज पैदा करने की नहीं है; हिन्दुस्तान में अनाज की समस्या को तो मैंने हल कर दिया है, अब इतना अनाज पैदा होने लगा है कि उसको रखें कहां, यह समस्या अब हमारे सामने आने वाली है और इसलिए मैं व्यापारिक फ़सलों की पैदावार पर ज्यादा ज़ोर देने वाला हूं।

खेती को प्रोत्साहन देने के लिए कई गैर-कांग्रेसी सरकारों ने एक सही कदम उठाया और लगान माफ़ कर दिया। अभी मैं कलकत्ते गया था। मैंने वहां पर पश्चिमी बंगाल सरकार का नया बजट देखा। उसको लगान से साढ़े छः करोड़ रुपये की आमदनी है, लेकिन वह लगान वसूल करने के लिए पांच करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। लगान से आमदनी है साढ़े छः करोड़ और उसको वसूलने का खर्च है पांच करोड़। तो केवल डेढ़ करोड़ रुपया प्राप्त करने के लिए छोटे किसानों पर इस तरह के कर लगाए जा रहे हैं। कुछ राज्य सरकारों ने फ़ैसला किया कि हम इनको खत्म करेंगे। उड़ीसा और बिहार की राज्य सरकारों ने ऐसा किया। लेकिन इस पर हमारे वित्त मंत्री नाराज़ हो गए। जब लगान-माफ़ी का प्रस्ताव आया, तो उन्होंने उसका विरोध किया। खेती को प्रोत्साहन देने के लिए यह आवश्यक है कि छोटे किसानों पर लगान आदि जो टैक्स है, उनको खत्म करके सब से पहले सिंचाई का इन्तज़ाम किया जाये। जब तक सिंचाई का इंतज़ाम नहीं होता है, आप बीज की बात करो, उर्वरक की बात करो; यह भी चीजें जरूरी हैं लेकिन सिंचाई के बिना हिन्दुस्तान की खेती नहीं सुधर सकती। इनके पहले जो खाद्य मंत्री थे वह जानते थे कि तामिलनाड में और आन्ध्र में सिंचाई के बारे में कुछ तरक्की हुई है तो उनके दिमाग में हमेशा उर्वरक की समस्या थी। लेकिन वह भूल जाते हैं कि बाकी राज्यों में सब से बड़ी समस्या सिंचाई की है और छोटे सिंचाई के द्वारा, ट्यूबवेल के द्वारा या डीज़ल इंजिन या बिजली के मोटरों के द्वारा जब तक सिंचाई का प्रबन्ध नहीं किया जाता है, खेती की समस्या हल नहीं होगी।

खेती के साथ-साथ अध्यक्ष महोदय, जुड़ा हुआ सवाल है सामाजिक बराबरी का, सामाजिक एकता का जिसके बारे में इस सदन में पचासों दफा मैंने बहस उठाई थी। पिछले 20 सालों में पिछड़े वर्ग के बारे में; हरिजन और आदिवासियों के बारे में इस सरकार की जो नीति रही है वह बिलकुल गलत रही है। गृह मंत्री के द्वारा परिपत्र जारी किया गया कि सरकारी नौकरियों में लोक-संख्या के अनुपात में इनको नौकरियां मिलेंगी। हमारे सामने बैकवर्ड क्लासेज़ कमीशन की, शिड्यूल्ड कास्ट और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज़ कमीशन की रपट आती है। हमको कभी-कभी मौका भी नहीं मिलता है, अब की बार तो थोड़ी बहुत बहस उस पर हुई और हम लोगों ने देखा कि जहां 18 प्रतिशत इनको नौकरियां सभी वर्गों में मिलनी चाहिए थीं, पहले वर्ग में मुश्किल से सवा प्रतिशत नौकरी इनको मिली है जबकि मिलनी चाहिए 18 प्रतिशत। दूसरे वर्ग में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक नौकरी इनको नहीं मिली है। तीसरे वर्ग में सात प्रतिशत और बड़ी उदार होकर यह सरकार कहती है कि चपरासियों और भंगियों की नौकरियों में आप लोगों को लोक-संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व हम देंगे। वहां 17–18 प्रतिशत के लगभग है। तो इस सरकार के रहते हुए हिन्दुस्तान के जो आदिवासी हैं, हिन्दुस्तान के जो हरिजन हैं, हिन्दुस्तान के जो पिछड़े हुए लोग हैं उनकी तरक्की के लिए कोई कदम नहीं बढ़ाया गया।

अंत में सब से जुड़ा हुआ सवाल जो नागा प्रदेश, मिजो और पहाड़ी इलाकों का सवाल आया है, कल गृह मंत्री जी ने विरोधी दलों को दावत दी है लेकिन अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि सरकार जब नीति की घोषणा करती है तब तो विरोधी दलों से सलाह मशविरा नहीं करती है, लेकिन जब मामला उलझ जाता है, जब इनके हाथ फंस जाते हैं तो उसको निकालने के लिए और बुराई दूसरों के ऊपर थोपने के लिए विरोधी दलों को बुलाते हैं। इसलिए कम से कम मेरे दल की ओर से मैंने फैसला किया है कि इस काम में इनकी सहायता करने के लिए मैं नहीं जाने वाला हूं।

अध्यक्ष महोदय, सारी समस्याओं को इन्होंने उलझाया। राज्य पुनर्रचना के बारे में तो मैं एक ही वाक्य कह कर खत्म करने वाला हूं कि किसी भी देश में 25 साल में, 50 साल में एक दफा राज्यों की पुनर्रचना होती है ठोस सिद्धांतों को ले कर, लेकिन यह अभागा ऐसा देश है कि इस देश की राज्य-पुनर्रचना कभी खत्म ही नहीं होती। हर साल चलती रहती है। पिछले वर्ष हमको लगा कि अब पंजाब का बंटवारा हो गया, अब राज्य-पुनर्रचना खत्म होगी। लेकिन अब आसाम का मसला आया है। हिन्दुस्तान में राज्य-पुनर्रचना का काम कभी खत्म होने वाला नहीं दिखता जो कि वास्तव में 50 साल में कहीं एक ही दफा होना चाहिए ठोस और निश्चित सिद्धांतों के आधार पर। लेकिन वह यहां अभी तक पूरा नहीं हुआ।

इसलिए अध्यक्ष महोदय, इन सारी नीतियों को ले कर इस सरकार की जो असफलता रही और लोकतंत्र का गला घोंटने का इन्होंने जो काम किया है इसके लिए यह निन्दा प्रस्ताव, अविश्वास का प्रस्ताव हम लोग लाये हैं। आपके मार्फत मैं सदन का आह्वान करना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव का समर्थन करके इनकी गर्दन पकड़ कर इस अयोग्य और नालायक सरकार को निकाल दें।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Motion moved :

"That this House expresses its want of confidence in the Council of Ministers."

श्री शशिरंजन (पपरी) : उपाध्यक्ष जी, आज इस अविश्वास के प्रस्ताव को लाने का मुख्य कारण पश्चिम बंगाल में जो सरकार बदली गई है, वह था। लेकिन हमारे मित्रों ने, जिन लोगों ने अविश्वास का प्रस्ताव रखा है, उनके पास शायद इतना काफी मसाला नहीं मिला ताकि वह पश्चिम बंगाल के गवर्नर को या वहां जो सरकार बदली गई है उसके बारे में कुछ कह सकें तो उन्होंने एक सारा लम्बा चौड़ा विस्तारपूर्वक, जो चीजें हो चुकी हैं उनको फिर से दोहराने का प्रयास किया है। जो बातें लिमये साहब ने कही है वह बातें कई बार अविश्वास के प्रस्ताव जो इस सदन में आये हैं उनमें दोहरायी जा चुकी हैं और कोई नई बात ऐसी उन्होंने नहीं कही है। एकाध बात उन्होंने नई जरूर कही है। उन्होंने कांग्रेसी सरकार के बारे में कहा है। पर दुख है कि आज कई प्रांतों में जो गैर-कांग्रेसी सरकार है उसके बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा क्योंकि वह जानते हैं कि गैर-कांग्रेसी सरकार जहां है वहां जो कांग्रेसी सरकार थी उससे भी बदतर हालत है। आज अफसोस है, स्वर्गीय लोहिया जी हैं नहीं। नहीं तो वह इस बात को कहने को मजबूर हो गए थे कि इधर और उधर में कोई फ़र्क नहीं रहा। लेकिन आज वह हैं नहीं। आज वह हमारी इस बात की पुष्टि करते।

एकाध बात की ओर मैं पहले ध्यान दिलाना चाहता हूं। फिर मैं वेस्ट बंगाल की ओर आऊंगा। इन्होंने कई चीजों के बारे में, मूल्यों के बारे में कहा है। कई प्रदेशों में गैर-कांग्रेसी सरकार है। उनके ऊपर यह दायित्व है कि वह वहां के मूल्यों का निर्धारण करें, वहां के मूल्यों का नियंत्रण करें। पर दुख है कि वहां के मूल्यों का नियंत्रण होने के बजाय वहां मूल्य बढ़ते जा रहे हैं। इनको मालूम होगा कि जब वहां कांग्रेसी सरकार थी तो जो

▽

[श्री शशि रंजन]

चीजें जिस भाव में मिल रही थीं आज उससे तिगुने भाव पर वहां वह चीजें मिल रही हैं।

एक माननीय सदस्य : और तुम्हारे राज्य में क्या हो रहा था ?

श्री शशि रंजन : आप तो कांग्रेसी सरकार का दोष देते हैं। आप जरा गैर-कांग्रेसी सरकार के बारे में सुनिए।

एक बात इन्होंने कही कि बहुत से रोजगारों में या बहुत से गलत कामों में गलत ढंग के पैसे में मंत्रियों का हिस्सा होता है। मैं इस बात पर बहुत दिनों से जानना चाहता था कि मुझे कुछ पता चले। मेरे मित्रों के बारे में जो इस तरह के मंत्री हैं कि उनका कुछ हिस्सा है या नहीं लेकिन मुझे उसका कुछ पता नहीं चला। पर जब गैर-कांग्रेसी सरकार मेरे बिहार में बनी और मैंने कुछ मंत्रियों के बारे में जांच की तो मुझे विश्वास हो गया कि सचमुच में मंत्रियों का हिस्सा होता है। कांग्रेसी के बारे में तो मुझे पता नहीं चल सका लेकिन गैर-कांग्रेसी मंत्रियों के बारे में पता चला है। खैर, यह सब बातें हैं छोटी मोटी। हम समझते थे कि हमारे मित्र वेस्ट बंगाल के बारे में विशेष तौर से उस पर विचार करेंगे, उनकी तवज्जह उस पर जायगी लेकिन वह न करके एक लम्बी चौड़ी बात उन्होंने की है। वेस्ट बंगाल के बारे में मैं कहना चाहता हूं, मुझे अक्सर जो आई० सी० एस० आफिसर बड़े बड़े ओहदे पर रखे जाते हैं उनसे कुछ असंतोष सा रहता था।

15 Hrs.

मैं समझता था कि हमारे संविधान में जो सोशलिज्म है, हमने जिस समाजवाद को संविधान के जरिये माना है, जिस समाजवाद को हम इस संविधान के जरिये अपने देश में लाना चाहते हैं, उसको लाने का मुख्यतर भार उन बड़े अफसरों, आई० सी० एस० के लोगों पर है, लेकिन मैंने देखा कि जब तक वे लोग अपने ओहदों पर बने रहते हैं, तब तक तो कुछ नहीं पता वे उसको सही रूप में लाने की कोशिश करते हैं या नहीं, लेकिन जिस दिन वे रिटायर होते हैं या आई० सी० एस० के अपने ओहदों से हटते हैं तो पहला काम यह करते हैं कि स्वतन्त्र पार्टी में चले जाते हैं। मुझे इस बात पर शक होने लगा था कि ये बड़े बड़े ओहदे वाले आई० सी० एस०, जिनके ऊपर हम अपना पूरा विश्वास रखते हैं कि वे समाजवाद को इस देश में चलायेंगे, जिस संविधान में समाजवाद को हमने मंजूर किया है, उसको वे कार्यान्वित करेंगे, लेकिन वे नहीं करते हैं और उनका उसमें विश्वास नहीं है और यही वजह है कि रिटायर होने के दूसरे दिन ही वे स्वतन्त्र पार्टी में चले जाते हैं।

लेकिन आज मुझे इस बात की खुशी है कि एक ऐसा आई० सी० एस० अफसर जो बंगाल का गवर्नर हो कर गया है...

श्री समर गुहा (कन्टाई) : लज्जा की बात है। नेशनलिस्ट नहीं मिला, तभी ब्यूरोक्रेसी को दे दिया।

श्री शशि रंजन : मैं उनकी तारीफ़ करता हूं, उन्होंने अपनी बुद्धि और अपनी काबलियत का पूरा पूरा परिचय दिया है और उन्होंने बजाय इसके कि वहां पर प्रेज़िडेन्ट रूल करें, वहां एक प्रजातान्त्रिक सरकार बनाने का मौका दिया है।

आज के स्टेट्समैन ने इस बात को कहा है कि वहां प्रेज़िडेन्ट रूल होता तो अच्छा था। मुझे अफसोस हुआ कि उन्होंने प्रेज़िडेन्ट रूल को एक प्रजातान्त्रिक राज्य से बेहतर समझा। मुझे पता नहीं कैसे उन्होंने इसको बेहतर समझा।

अब मैं इस संविधान के बारे में एक-दो बातें आपके सामने रखना चाहता हूं। आम तौर पर लोग कहते हैं कि गवर्नर एक कांस्टीचूशनल हेड होता है, उसका कोई फंक्शन नहीं है। लेकिन अगर हम धारा 163(2) को पढ़ें तो हमें पता चलेगा—

"If any question arises whether any matter is or is not a matter as respects which the Governor is by or under this Constitution required to act in his discretion, the decision of the Governor in

his discretion shall be final, and the validity of anything done by the Governor shall not be called in question on the ground that he ought or ought not to have acted in his discretion."

अब मैं दूसरा क्लाज़ पढ़ना चाहता हूं--

"But the Governor is not going to be a mere figure-head. If the Governor were an active and good Governor, he could, by means of getting in touch with the opponents of the party in power, reconcile them to a good number of measures and generally make the administration run smoothly."

इस के बारे में अम्बेदकर साहब ने कांस्टीचूएन्ट असेम्बली में कहा है ।

I would like to read a few lines of that—

"As Dr. Ambedkar explained, in discussing the position of the Governor, the distinction should be borne in mind between 'functions' and 'duties'. While the Governor shall have no *functions* to discharge by himself, and would have no power to override the Ministry in any particular matter,—he would have the *duty* to advise the Ministry, not as the representative of any particular party, but of the people as a whole,—with the object of securing an impartial, pure and efficient administration."

इस मामले में गवर्नर ने पूरा-पूरा वही किया है जो हमारे संविधान में कहा गया है और कांस्टीचूएन्ट असेम्बली में जो भाव उस वक्त मेकर आफ दी कांस्टीचूशन-अम्बेदकर साहब ने, जिनको कुछ लोग मनु भी कहते हैं व्यक्त किये थे, उन्हीं भावनाओं के मुताबिक उन्होंने काम किया है ।

मैं एक-दो लाइन और पढ़ना चाहता हूं—

"Ultimately, of course, the Governor must take the advice given by his Ministers but the role of the Governor is not exactly that of a passive agent."

So, it is not exactly that of a passive agent. Here exactly he has not behaved like a passive agent.

उन्होंने अजय साहब को कहा कि आप जल्दी से जल्दी असेम्बली को बुलाइये । उन्होंने नहीं बुलाया, शायद वे बुलाते, लेकिन जब वह अपनी कैबिनेट में गये तो उन को याद आ गया कि बर्दवान में क्या हुआ, आसनसोल में क्या हुआ, हावड़ा में क्या हुआ, उस बेचारे ने सोचा पता नहीं बाद में मेरा क्या होगा, लिहाजा उस ने कह दिया कि 18 दिसम्बर से पहले नहीं बुलाऊंगा ।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : क्या नुक्सान हो जाता ?

श्री शशि रंजन : नुक्सान क्या हो जाता—

The Constitution specifically says that the Governor must not act as a passive agent. He must use his discretion in the smooth running of the Government and in the smooth running of the Government, he has acted.

इस लिये उन्होंने इस बात को समझा कि जरूरी है ताकि शासन व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से और अच्छे ढंग से चले, ताकि वहां की जनता को मालूम पड़े कि वहां कोई शासन है—इसलिये उन्होंने इस को मुनासिब समझा कि वह अजय साहब को कहें कि विधान सभा को जल्दी से जल्दी बुलाइये—लेकिन अजय साहब mere puppet in the hands of a few न रहे ।

मैं अपने मित्रों को एक बात और बता देना चाहता हूं—आज अभी सवा तीन बजा है, नई सरकार को बने हुए काफी घन्टे हो गये हैं, लेकिन कोई भी ऐसा वाक्या वहां नहीं हुआ है, जिससे कि यह जाहिर हो कि वहां की जनता यह चाहती है कि यह सरकार न रहे ।

श्री स० मो० बनर्जी : पूरी हड़ताल है . . . . (**व्यवधान**) . . . . . .

कुछ माननीय सदस्य : बिल्कुल नहीं ।

श्री शशिरंजन : मेरे पास अभी ढाई बजे तक की खबर है । उपाध्यक्ष महोदय, सिवाय इस के कि 50-60 आदमियों का एक जलूस

[श्री शशिरंजन]

निकला और कुछ थोड़ा-बहुत हँगामा हुआ, इसके अलावा कुछ नहीं हुआ और वे सब भी अपने-अपने घर चले गये । वहां कोई ऐसा वाक्या नहीं हुआ, जिसका कि ये लोग बहुत बड़ा नक्शा पेश करते थे—वहां घर-घर में, गली-गली में खून बहेगा ।

अब मैं एक बात और कहना चाहता हूं । मैं आपको तवज्जह थोड़ा बिहार की तरफ ले जाना चाहता हूं । जो बात हरियाणा में हुई, जो बात पंजाब में हुई, मैं प्रधान मंत्री जी से बहुत साफ अल्फाज में कहना चाहता हूं कि उन को बिहार के बारे में भी बहुत गम्भीरतापूर्वक सोचना पड़ेगा । क्योंकि बिहार में आज कोई शासन नहीं है । मैं उस की वजह बताना चाहता हूं—बिहार के चीफ मिनिस्टर आज 10 दिन से बिहार में नहीं हैं, पहले इन्दौर में थे, फिर दिल्ली में थे और अब कलकत्ते में थे । सन् 1952 से आज तक की बात मैं कहता हूं कि कोई भी चीफ मिनिस्टर 10-12 दिनों तक राज्य से बाहर नहीं रहा । अगर ये कह दें कि कोई भी चीफ मिनिस्टर लगातार 12 दिन तक बाहर रहा है तो मान लूं कि ये सच्चे हैं ।

SHRI BAL RAJ MADHOK (South Delhi) : Don't tell us wrong things. The Chief Minister of Bihar was in Bihar. He went with me in the same plane. Only yesterday, he went to Calcutta. (*Interruptions*).

मैं नहीं कहता कि वहां कांग्रेस की सरकार बने लेकिन यह मैं जरूर कहूंगा कि वहां कोई अच्छी सरकार बननी चाहिये और वह सरकार आज बिलकुल निकम्मी सरकार है । वहां के जिलों में..... (**व्यवधान**)

श्री शशिरंजन : जरा शान्त होकर सुन लीजिये..... (**व्यवधान**)

SHRI S. M. BANERJEE : On a point of order.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Is it a point of order or an interruption ?

SHRI S. M. BANERJEE : I rise on a point of order. My point of order is this. During the discussion here, personalities should not be brought..(*Interruption*). Merely because the Chief Minister went out of Patna...

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : What is the point of order here ? (*Interruption*).

SHRI S. M. BANERJEE : Mr. Shashi Ranjan is a good friend of mine...

MR. DEPUTY-SPEAKER : What is the point of order ? (*Interruptions*).

SHRI SHEO NARAIN (Basti) : Let him come out with his point of order.

SHRI S. M. BANERJEE : If they go on shouting like this, how can I speak ? Will you please ask these bullies to keep quiet?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Order, order.

SHRI SHASHI RANJAN : I obey you, hundred per cent, Sir.

SHRI S. M. BANERJEE : My point of order is this. In the past during many debates, if anybody wanted to discuss the conduct of any Chief Minister or even an ex-Chief Minister, even of thieves like Shri Biju Patnaik, the Chair did not allow him; we were not allowed to discuss it. Here, Mr. Shashi Ranjan, a veteran Parliamentarian, mentioned Mr. Ajoy Mukherjee as a tool in the hands of the other Ministers. I had tolerated that. Today he is an *ex*-Chief Minister. But Mr. Maha Maya Prasad Sinha is still a Chief Minister and with all their bullying tactics, he is going to remain there till Mr. Chavan murders him also....(*Interruptions*).

AN HON. MEMBER : What is his point of order ?

SHRI S. M. BANERJEE : My point of order is whether it is open to a Member to mention the...(*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER : He may resume his seat. I have understood him. But here it is a statement that the hon. Member is making on his own information. He is not making any allegation...

SHRI S. M. BANERJEE : He is casting aspersion of the Chief Minister.

MR. DEPUTY-SPEAKER : No, no. He may resume his seat. There is no point of order.

कागों पाकिस्तान के हाथ में है, वह नहीं देता। हम ने दे दिया। क्यों दे दिया ? यानी एक बार यूनिलैट्रली इंटरनेशनल गुड फेथ दिखाने के बाद भी यह देखने के बाद कि इट **हैज नाट रिस्पांडेड**, पुर्तगाल के बारे में पता लगने के बाद भी पाकिस्तान के रवैये का पता लगने के बाद भी जब सरकार फिर-फिर गलती करती है तभी तो मैंने कहा कि **स्टुपिडिटी इज बाउंडलेस्**। आदमी एक बार ठोकर खाता है, होश में आता है, सम्भल लेता है, नीति में परिवर्तन करते हुए नीति निर्धारित करता है, सब को विश्वास में लेता है और आगे जाता है : आज वह मेरा साथी जेल में रहे। मुझे बड़ी शर्म आती है जब यह पता चलता है कि हम तो यहां आकर बैठ गये, लोक सभा में आकर बैठ गये और वह जेल में बैठा हुआ है। जिस गोआ की आजादी को लेकर हम लड़े, गोलियां झेलने के लिये गये, जेल में रहे, आज यदि उसी जगह के आदमी को हम रिहा नहीं करा सकते तो हमारी वैदेशिक नीति सफल है ऐसा कहने का क्या लाभ है ?

"Example is better than precept"

दुनिया में हमारा कोई मित्र नहीं रहा, दुनिया में कोई हमारी सहायता करने वाला नहीं रहा, दुनिया में हमारी बात को मानने वाला नहीं रहा, फिर भी हम कहते घूमें कि हमारी वैदेशिक नीति सफल हुई है तो हम वैदेशिक नीति सफल होने का कोई नमूना पेश नहीं करते।

देश की सुरक्षा की दृष्टि से मेरा नम्र निवेदन है, क्योंकि वित्त मंत्री जी यहां आये हुए हैं, कि चीन का हमला होने के पहले सुरक्षा के नाम पर हम लगभग 250 करोड़ रुपये खर्च कर रहे थे जबकि आज हमें 950 करोड़ रु० खर्च करने पड़ रहे हैं। Every political aspect has got an economic bearing. इसको हम भूल नहीं सकते। हमारी मामूली सी गलतियां क्यों न हों किन्तु एक बार हम चीन को तिब्बत की सीमा के इस ओर ले आये और वह हमारे घर में आकर बैठ गया। कल कोई कह रहा था कि 21 नवम्बर का ऐसा दिन था वैसा दिन था। तब मेरे दिमाग में आया कि This is the day when China decided to cease fire unilaterally 21 नवम्बर के दिन चीन पीछे गया किन्तु हमने क्या किया ? हम ने उस समय बड़े जोर से बातें कही थीं। Until the last soldier is driven out जब तक चाइना पीछे नहीं हटता तब तक हम चुप नहीं रहेंगे। किन्तु वह बात वैसे ही टल गई।

हर 20 अक्तूबर को हम राष्ट्रीय एकता दिवस मनाते हैं, किन्तु एकता क्या चीज होती है, इस पर गौर नहीं करते, इस पर गम्भीरता से विचार नहीं करते कि एक ही चीज एकता का चिन्ह मानी जाती है कि हम देश की सुरक्षा को ध्यान में रख कर काम करें। देश के अन्तर्गत जो जनता है, उस जनता की जो एकता है उसके आधार पर हम बाह्य आक्रमणों और अन्दर की गड़बड़ियों का मुकाबला नहीं कर सकते। देश को एक करने के लिये बहुत सी बातें होती हैं, बहुत सी बातों से नेशनल इंटेग्रेशन होता है। But do we know what are the forces and factors that integrate the people of this country ?

यह एक ही भूमि है। इसीलिये कहते हैं कि :

विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्वमे

यह विष्णु की पत्नी है। हमारे लिये माता है। सब की माता है चाहे हम काश्मीर में रहते हों चाहे कन्याकुमारी के अन्तर्गत हों। यह भमि है जो हम को जोड़ती है, संस्कृति है जो हम को जोड़ती है। वह **बे आफ लाइफ** है ! हमारा जो जीवन दर्शन है वह कहीं क्यों न हो वह एक जैसा है। लेकिन बीस साल के अन्दर इस सरकार ने हर क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण अलगाव की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। पुर्तगीज के गोआ से हटते ही जब गोआ आजाद हुआ तो हमने उसको अलग रक्खा। जब 1956 रिआर्गेनाइजेशन के बाद दिल्ली की स्टेट खत्म हो गई, कुर्ग की अलग स्टेट खत्म हो गई, अजमेर खत्म हो गया, इकाइयां बड़ी बना दी, तब पुदुचेरी अलग क्यों हो ?

[श्री जगन्नाथ राव जोशी]

What is the basis for Pondicherry to exist today ? साथ ही 2,000 लोगों का गांव माहे पश्चिमी तट पर केरल में है, पुदुचेरी पूर्वी तट पर है। न भाषा की समानता है न प्रादेशिक संलग्नता है, न तो कंटिगुइटी है और न कुछ और है, लेकिन छोटी-छोटी एकाइयां बनती जा रही हैं और वह भी नागालैंड जैसी। प्रदेश भी बनाया तो नागप्रदेश, नागभूमि या नागनाड बनाना था, नागालैंड क्यों ? यह अंग्रेजी का प्रयोग कहां से आया, क्यों किया ? पता नहीं चलता कि इसके पीछे कौन सी बात काम कर रही है, कौन सा भाव काम कर रहा है। और उस छोटे से राज्य के बनने के बाद भी There is another demand for a different Federal Government of Nagaland ? और उन विद्रोही नेताओं के साथ तीन साल हो गये वार्ता चल रही है लेकिन अभी तक वह सफल नहीं हुई है। होगी भी कैसे ? Because they are underground, our leaders are above ground and there is no common ground between them.

आज तक कामन ग्राउंड मिल ही नहीं रही है। तीन साल से वार्ता चलने के बाद भी मुझे लगता है जैसा कि फिलासफी अथवा तत्व-ज्ञान के बारे में कहा गया है कि What is philosophy ? It is nothing but a search by a blind man in a dark room for a black cat which is not there. वैसे ही यह होती है। तीन-तीन साल हो गये लेकिन हम क्या करना चाहते हैं, क्या करने जा रहे हैं, कुछ पता ही नहीं है। तीन-तीन साल तक इस तरह की वार्ता कर के दुनिया के सामने हम गलत ढंग पेश करते हैं कि there is such a thing as a Naga problem. वास्तव में हजारों मील दूर से आने वाला अंग्रेज हम को एक बनाता है और हम जो हजार-हजार साल से इस देश में रहते आये हैं, इस मां के पुत्र बन कर रहते आये हैं, वह इसको एक नहीं बनाते, गले नहीं लगाते। अखिल विद्यार्थी परिषद् की ओर से एक कार्यक्रम किया गया था और उपुसी क्षेत्र के विद्यार्थियों को बम्बई के पूना क्षेत्र में ला कर इंटर-स्टेट लिविंग का नमूना पेश किया, जिससे पता चलता है कि हम आज एक क्यों हैं। आज यहां पर इधर-उधर की ऐक्टिविटी की बात कहते हैं, लेकिन Do we have any positive thinking कि हम सारे एक हैं ? आज हमारे अन्दर जो एक अलगाव की प्रवृत्ति काम कर रही है उसके लिये I do not blame the people जनता को सही दिशा दो, जनता के सामने सही विज्ञान रक्खो, वैसी कोई चीज यह नहीं रखते। समय की मांग थी इसके कारण ही पूरे देश के अन्दर एकता की बात को लेकर सारी जनता खड़ी है, यह जो सुन्दर दृश्य दिखना चाहिये था, वह दिख नहीं रहा है। क्या कारण है ? 1947 में आप माने या न मानें, मां का जो एक चित्र था वह टूट गया। मैं भौगोलिक चित्र की चिन्ता नहीं करता हूं क्योंकि भौगोलिक एकता तो बनाई जा सकती है और वह बदलती भी रहती है किन्तु अपने मन में जो चित्र था वह अभंग है क्या, एक है क्या ? हम इसको मानते हैं कि चाहे भाषायें कई हों, जातियां कई हों, रीति-रिवाज कई हों, रहन-सहन, खान-पान कई हों लेकिन फिर भी सारा भारत एक है, मरेंगे तो साथ, जियेंगे तो साथ। यह भावना हमारी होनी चाहिये।

मुझे कभी-कभी समझ में नहीं आता है कि समाजवाद बोलने वाले, साम्यवाद बोलने वाले किस तरह इस बात को लेकर चलते हैं। कि प्रान्तबन्दी रहे ताकि एक प्रान्त में चावल सस्ता मिले और दूसरे प्रान्त में चावल के लिए लोग तरसें। मैंने पूना में देखा। लोग खड़े हुए थे, लम्बी लाइन उनकी लगी हुई थी। मैंने पूछा, क्यों खड़े हो भाई। बोले चावल मिलता है। मैंने पूछा कितना मिलता है, बोले सौ ग्राम मिलता है। सौ ग्राम चावल के लिए इतनी बड़ी लाइन। मैंने कहा गांधी जी का जो एक सपना था ग्राम राज का वह पूरा हो गया बिना ग्राम के हम चलते ही नहीं हैं, सौ ग्राम चावल, ढाई सौ ग्राम चीनी, पांच सौ ग्राम गेहूं, आलू भी साढ़े सात सौ ग्राम। जीवन किलो तक पहुंचा ही नहीं। ग्राम में ही हैं पूरे बीस साल से। क्या अपने ग्राम को

आत्मनिर्भर बनाया है, क्या सारे समाज को आत्म निर्भर बनाया है और क्या गांधी जी के सपने को साकार करने की कोशिश की है। देश में आज भी उपजाऊ भूमि है। भारत का नाम स्वर्ण भूमि था। दुनिया भर इसको लूटने के लिए पहुंची। बारह सौ साल का इतिहास इसका साक्षी है। इसको लूटने वाले बहुत आए। लेकिन आज भी हमारी भूमि सोना उगलने वाली भूमि है। किन्तु जो नई-नई नीति चलाई जाती है, प्रतिबन्ध खड़े किये जाते हैं उनके कारण पता ही नहीं चलता है कि कहां कितना पैदा हुआ। फूड कारपोरेशन के पुराने चेयरमैन श्री टी० ए० पाई ने साफ कह दिया था कि सरकार के पास कोई सही आंकड़े नहीं हैं उत्पादन के सम्बन्ध में। इसका कारण यह है कि प्रान्त बंदियों के कारण पता ही नहीं चलता है कि कितना गेहूं पंजाब में पैदा हुआ है, कितना हरियाणा में पैदा हुआ है, कितना मध्य प्रदेश में हुआ है और कितना उत्तर प्रदेश में हुआ है जब हर प्रान्त खुद के लिए सोचता है तो हर एक जिला भी खुद के लिए क्यों न सोचे? मैं केरल में गया था। वहां पालघाट का चावल कोज़ीकोड नहीं जा सकता है। जब एक बार हमने स्वीकार किया कि प्रान्त से प्रान्त में न जाये तो फिर उसकी कोरोलरी यह है कि जिले के बाहर क्यों जायें, फिर तहसील के बाहर क्यों जाये और आखिर में किसान कहेगा मेरे खेत से खलिहान और खलिहान से बाहर कहीं न जाये। जो पैदा करता है वही उसको रखे। जब वह पूरे देश के लिए है तो पूरे देश के लिए आप राष्ट्रीय नीति रखें, बन्दी हटे और बाजार भाव से किसान का माल खरीदा जाए। इससे किसान के मन में विश्वास पैदा होगा कि खून पसीना करके जो वह पैदा करता है उसकी ठीक कीमत आज बाजार के अन्दर उसको मिलती है। जनता को आप सुविधा पहुंचायें, आप जनता को अनाज सबसिडाइज करके दे सकते हैं अगर यह प्रान्त बन्दी चलती है तो इसका मतलब यह है कि मां का जो चित्र है वह ठीक ढंग का मूर्त चित्र हमारे सामने नहीं है। भग्न मूर्ति की पूजा नहीं होती है। अन्तःकरण की मूर्ति भग्न करके पूजा करें तो उसी का नाम है अनाचार, व्यभिचार मैं नहीं कहता हूं। यह दल बदल अनाचार है, आचार नहीं है। कुछ भी करने के लिए अगर आदमी प्रवृत्त हो जाता है तो उसको रोका जाना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं इस अविश्वास के प्रस्ताव का जो यहां पर आया है पूरी तरह से समर्थन करता हूं।

श्री भोला नाथ (अलवर) : अविश्वास का जो प्रस्ताव आया है उसकी मुखालिफत करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। इसका कारण यह भी है कि जो भी माननीय सदस्य अभी यहां पर बोले हैं, विरोधी पक्ष के बोले हैं उन्होंने स्वयं ही एक दूसरे की बात को काटा है। उनके सामने न खुद की कोई नीति है और न कोई कार्यक्रम है, कोई प्राग्रोम है। अभी जोशी जी बोल रहे थे। कम्युनिस्टों को वह खरी-खरी सुना रहे थे। लेकिन आप देखें कि जिस समय इस प्रस्ताव को रखने का समय आया था उस समय यह और इनकी पार्टी के सभी सदस्य खड़े हो गए थे। तब रंगा साहब भी खड़े हो गए थे, उनकी पार्टी के सदस्य भी खड़े हो गए थे जो कि सब से ज्यादा कम्युनिस्टों की बुराई करते हैं। किसानों का पक्ष लेकर वह कह रहे थे कि किसानों के लिए इस कांग्रेस गवर्नमेंट ने कुछ नहीं किया। वह कभी-कभी राजस्थान का भी जिक्र करते हैं। मैं रंगा साहब को बतलाना चाहता हूं कि राजस्थान के अन्दर कांग्रेस ने किसानों के लिए जो कुछ किया है वह शायद किसी अन्य प्रान्त में नहीं किया गया है। वहां राजा महाराजाओं को समाप्त किया गया है, विसवेदारों और जागीरदारों को खत्म किया गया है और सन् 1955 में ही काश्तकार को ज़मीन का मालिक बना दिया गया है, 1947 के बाद जो ज़मीन उसके पास थी वह उसका मालिक बन गया है। उसको ज़मीन का कब्ज़ा दे दिया गया है। यह काम वहां पर कांग्रेस ने किया है। मधु लिमये साहब कह रहे थे कि सन् 1952 में कांग्रेस का बहुमत नहीं

[श्री भोला नाथ]

था। उनको शायद इस बात की जानकारी नहीं है कि उस समय भी कांग्रेस बहुमत में थी। उसी समय कांग्रेस ने तय किया कि जागीरदारी को खत्म किया जाए, विसवेदारी को खत्म किया जाए और काश्तकारों को जमीन का मालिक बनाया जाए। राजस्थान में ही अन्य सभी राज्यों की तुलना में सब से अच्छी लैंड रिफार्म्स हुई है। राजस्थान में स्वतंत्र पार्टी का सब से ज्यादा जोर माना जाता है। स्वतंत्र पार्टी की महारानी जी और रंगा साहब पक्ष तो किसानों का लेते हैं, नाम तो किसानों का लेते हैं लेकिन सबसे ज्यादा विरुद्ध काम वहां पर वे किसानों के ही कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि वहां पर बड़े-बड़े प्लाट्स बनाये जाय, बड़े-बड़े फार्म्स स्थापित किये जायें और यह जो सीलिंग लगी है इसको खत्म किया जाए।

कांग्रेस जो बात कहती है उसकी निन्दा की जाती है, उसका विरोध किया जाता है लेकिन आपका कौनसा कार्यक्रम है जो सामने रखा है, कौनसा प्रोग्राम है जो सामने रखा है ताकि उस पर जनता ध्यान दे सके और उस पर अमल कर सके।

बार-बार राजस्थान का जिक्र आता है। यह कहा जाता है कि वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हुआ था। आपको मालूम ही है कि किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति का शासन वहां लागू हुआ था। उसके लिए विरोधियों ने मांग की थी, पार्लिमेंट के सदस्यों ने मांग की थी और कहा था कि वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिये। उस समय वहां पर दफा 144 थी। महारानी गायत्री देवी ने यह मांग की थी कि उसको हटा लेना चाहिये। दूसरे आपके लोगों ने मांग की थी कि इसको हटा लेना चाहिये। दफा 144 को वहां हटाया गया। उसके बाद वहां पर दंगे हुए। फिर जो कुछ घटनायें घटी वे आप से छिपी हुई नहीं हैं, वे सर्वविदित हैं। कल अटल बिहारी वाजपेयी जी कह रहे थे कि हम क्यों बंगाल में एकशन नहीं लेते हैं। जब एकशन लिया तो आज वह इस अविश्वास के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़े हो गए। इस तरह की जो बातें हैं इनको देखते हुए कैसे आप लोगों पर विश्वास किया जा सकता है? कैसे यह कहा जा सकता है कि आप सही तरीके से व्यवहार करना चाहते हैं, सही रास्ते पर चलना चाहते हैं।

हमारे उधर बैठने वाले माननीय सदस्य कहते हैं कि प्रोडकशन गिर गया है। प्रोडक्शन को किसने गिराया है, यह मैं उनसे ही जानना चाहता हूं। कम्युनिस्टों ने ही तो गिराया है या फिर उन सरकारों ने गिराया है जो कि संयुक्त दलों की सरकारें हैं। किस तरह से प्रोडक्शन गिरा? बंगाल में कैसे गिरा। आप जानते ही हैं कि बंगाल में राजस्थान के बहुत से लोग जाकर बसे हुए हैं और वे कलकत्ता के आस-पास इंडस्ट्रीज के मालिक हैं। लेकिन आज वे वहां भयभीत क्यों हैं? क्यों वहां से वे निकल रहे हैं? क्यों वे चाहते हैं कि दूसरी जगह जा कर वे अपनी इंडस्ट्रीज को जमायें? जो नीति वहां सरकार ने बरती है उसी का यह परिणाम है कि प्रोडक्शन गिरा है। प्रोडक्शन गिरता है उस वक्त जब देश की आर्थिक अवस्था गिरती है, देश की हालत बिगड़ती है। वहां पर घेराव किये गये और लोगों को भयभीत किया गया जिससे लोगों के मन में आशंका पैदा हुई। इससे न केवल प्रोडक्शन गिरा बल्कि जो नई इंडस्ट्रीज खोली जानी थीं वे भी वहां खोली जायें या न खोली जायें, इस पर लोगों ने दुबारा विचार करना शुरू किया। जब कोई नई इंडस्ट्री खोली जाती है तो खोलने वाले के सामने यह चीज आती है कि सरकार ये जो घेराव हैं इन पर कंट्रोल पा सकती है या नहीं, सरकार उनके लिए सुरक्षा का प्रबन्ध कर सकती है या नहीं। जब वह देखता है कि वह नहीं कर सकती है तो ऐसी हालत में वह उस जगह नई इंडस्ट्री को नहीं खोलेगा और जो खुली भी है उसको भी जरूरी हुआ तो अन्यत्र ले जाएगा। इस तरह से प्रोडक्शन तो गिरेगा ही। इसके लिए बंगाल की सरकार खुद जिम्मेदार है।

बंगाल में इस समय जो कार्रवाई की गई है वह देश के लिए एक बहुत बड़ी मुक्ति का काम है। कल कहा गया था कि एक बड़ी महामारी फैल गई है डिफैकशंज की। एक बहन ने तो यहां तक कहा था कि यह कैंसर की बीमारी है। मैं मानता हूं कि यह महामारी है और यह महामारी शायद आज भी खत्म नहीं हुई है। आज ही पंजाब के अन्दर सतरह आदमी डिफैक्ट कर गए हैं और इससे घबरा कर वहां के चीफ मिनिस्टर श्री गुरनाम सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। इन सब बातों से यही जाहिर होता है कि हिन्दुस्तान के अन्दर सिवाय कांग्रेस के आज भी कोई ऐसा दल नहीं है जो शासन को चला सकता हो। जो परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं वे इसी की ओर संकेत करती हैं। आज नहीं तो कल दुनिया पहचान जायेगी कि उसे उसी रास्ते पर चलना है जो रास्ता कांग्रेस ने बताया है। लोग भी अपनी इस गलती को महसूस कर रहे हैं कि कांग्रेस के खिलाफ जो उन्होंने राय दी है ऐसा करके उन्होंने गलती की है।

राजस्थान का बार-बार जिक्र आता है और सोने के बारे में वहां जो काण्ड हुआ था उसका जिक्र किया जाता है। अभी बनर्जी साहब कह रहे थे कि महामाया प्रसाद जी का नाम नहीं लिया जाना चाहिये। हमारे मधु लिमये साहब से जिन्होंने इस अविश्वास के प्रस्ताव को पेश किया है, मैं पूछना चाहता हूं कि वह सोना ही सोना क्यों पुकारा करते हैं? सोना उनकी जेब में नहीं आया। जिसका सोना छोड़ा गया वह उन की पार्टी का आदमी नहीं था। वह गत चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ लड़ा था और कांग्रेस के हाथों उसकी हार हुई थी। वहां से हमारे ओंकारलाल बोहरा जीत कर आए हैं। वह सोने वाले को हरा कर आए हैं। सोने के मामले के ऊपर वर्डिक्ट आफ दी पीपल मिल गया है। अगर गोलमाल हुआ होता तो चीफ मिनिस्टर को वहां हराते लोग, कांग्रेस को लोग हराते, चित्तौड़ में उसको हराते। जब कोई इस तरह की खरी बात कही जाती है तो आप नाराज हो जाते हैं। लेकिन ये लोग दूसरों पर उंगली उठाने और उनको बदनाम करने में नहीं हिचकते हैं। राजस्थान के बारे में चाहे जो कुछ भी कहा जाये, लेकिन अगर माहामाया बाबू के बारे में कुछ कहें, तो वे नाराज हो जाते हैं। मैं अपने मित्रों को कहूंगा कि वे अपना मुंह शीशे में देखें, जिससे वे बात करते हैं।

बंगाल में जो कुछ हुआ है, सब उसको जानते हैं। आज कहा जा रहा है कि अनाज नहीं मिल रहा है, चावल नहीं मिल रहा है, परेशानी पैदा हो गई है, लेकिन बंगाल का हर एक आदमी इस बात को जानता है कि जब श्री पी० सी० सेन की हुकूमत थी, तो उस वक्त डेढ़ रुपये किलो चावल मिलता था, जब कि आज चावल पांच छः रुपये किलो के हिसाब से मिलता है। सब लोग इस बात को जानते हैं। मैं अभी स्पाट न्यूज़ को देख कर आया हूं कि बंगाल के लोग शान्ति बनाए हुए हैं, क्योंकि वे समझ रहे हैं कि यह उनकी मुक्ति का दिवस है। कल हरियाणा के लोगों को मुक्ति मिली है। पंजाब के लोगों को श्री गुरुनामसिंह से मुक्ति मिल रही है। हो सकता है कि बिहार के लोगों को जल्दी ही महामाया प्रसाद सिंह से मुक्ति मिल जाये। विरोधी दलों ने संयुक्त दल और क्रान्ति दल आदि के नाम से जो भानमती का कुनबा जोड़ा है और हुकूमतें बनाई हैं, वे सब अपने-अपने रास्ते पर लगेंगी।

श्री रंगा ने कहा है कि श्री पी० सी० घोष के साथ केवल 17 आदमी हैं, लेकिन फिर भी उनको गवर्नमेंट बनाने का मौका दिया गया। लेकिन क्या उनको मालूम नहीं है कि मध्य प्रदेश में क्या हुआ? वहां पर जो लोग कांग्रेस से डिफेक्ट कर के आए उनको गवर्नमेंट बनाने का मौका दिया गया। राजमाता ग्वालियर ने गवर्नमेंट को जायन नहीं किया, बल्कि डिफेक्टर्ज को गवर्नमेंट बनाने दी। हमारे मित्र मध्य प्रदेश के बारे में तो जिक्र नहीं करते हैं। लेकिन अगर बंगाल में इस तरह की गवर्नमेंट बनती है, तो उसको मिसाल

[श्री भोला नाथ]

हमारे सामने रखते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि बहुत पुराने पार्लियामेंटेरियन और नेता इस तरह की बात कहते हैं।

मेरा निवेदन है कि अगर विरोधी दल के माननीय सदस्यों को वास्तव में सही तरीके से कोई बात कहनी है, तो वे एक मत से और एक विचार-धारा के अनुसार कहें। चूंकि माननीय सदस्य कई स्वरों में बोलते हैं और परस्पर-विरोधी बातें कहते हैं, इसी लिए देश उनसे परेशान हो गया है और इसी लिए संयुक्त दल की सरकारें खत्म हो रही हैं। रंगा साहब एक भाषा में बोलते हैं और जोशी साहब दूसरी भाषा में बोलते हैं। हिन्दुस्तान के लोग यह सब कुछ देख और सुन रहे हैं। वे जानते हैं कि इनके हाथ में क्या अधिकार देना चाहिए और ये कहां तक उसके योग्य हैं। वे यह भी जानते हैं कि जिस सरकार को ये बदलना चाहते हैं अब तक उसने क्या काम किया है और उसका रिकार्ड क्या है।

इन दलों को सरकार चलाने के लिए आठ नौ महीने का मौका दिया गया, लेकिन ये सरकारें ताश के पत्तों के घर की तरह गिर रही हैं; दिन में दो-दो गवर्नमेंट्स गिर रही हैं। जिस सरकार और जिस पार्टी के खिलाफ़ ये लोग अविश्वास-प्रस्ताव लाए हैं, उसने बीस वर्ष में काम करके दिखाया है, देश का इन्टेग्रेशन किया, देश में एक ऐसा माहौल पैदा किया कि यहां पर भी—इतने बड़े मुल्क में भी, पचास करोड़ के मुल्क में भी, डेमोक्रेटिक राज्य, प्रजातंत्र, चल सकता है। किसी मुल्क ने आज तक इतने बड़े इलैक्शन नहीं कराए। इस सरकार ने इस देश में चार इलैक्शन स्वतन्त्र रूप से कराए, जिनमें सबको भाग लेने का मौका दिया। लेकिन उसकी कोई तारीफ़ नहीं है। हमारे मित्र बतायें कि कांग्रेस के अलावा किस सरकार ने आज़ादी के बाद चार इलैक्शन कराए हैं। विरोधी दलों को उन इलैक्शन्ज़ में भाग लेने का मौका दिया गया, गवर्नमेंट बनाने का मौका दिया गया। उसके बाद जब वे फेल होते हैं, तो उसका दोष हम पर मढ़ते हैं, अविश्वास-प्रस्ताव लाकर अपना गुस्सा उतारने की कोशिश करते हैं, कोई दूसरी नई पालिसी या प्रोग्राम नहीं लाते हैं।

इन शब्दों के साथ मैं इस अविश्वास प्रस्ताव का घोर विरोध करता हूं।

SHRI S. A. DANGE (Bombay Central South) : Sir, I rise to support the motion moved by my friend Shri Madhu Limaye. The reasons which I wish to give for supporting this motion of censure against the Congress Government are not going to be very formal. I do not want to go into the formal aspect, the constitutional aspect of that question, because only a few days back the problem of the powers of the Governors was argued, the problem of the rights of ministries was argued and the problem was put on a proper footing.

At that time also there was more or less an expectation or fear in the minds of the people that in spite of the arguments that were advanced on behalf of the opposition and even on behalf of certain democratically minded people who may still be left in the Congress Party, that such an attribution of dictatorial powers to the Governor would be to the detriment of democracy in this country. But, then, after two or three days, we find that the Governor of Bengal, had a doubt whether Shri Ajoy Mukerjee with his 157 or 154 votes had a majority or not. Even taking it for granted that 17 had defected, even then, he had certainly more than 130 of the Congress Party, and the Front still continues to be the largest single party.

I would have expected the Governor to interpret democracy rather liberally and properly, by saying that there is another party which is the largest party, that is, the Congress Party, next to the Front. It has secured a majority, of which he is convinced and he is therefore dismissing this Ministry. Did he come to that conclusion? No. The conclusion that is before us is that a Chief Minister with 15 members has a larger majority than a United Front Ministry with 142 votes. This is the wonderful arithmetic of democracy which exists today on the other side.

Now let us consider an honest proposition. That the Congress members, along with P.C. Ghosh defectors or others had formed majority and said "we are a major party or a major combination" and, therefore, the minority government is dismissed, that I could have understood. But the Governor did not give them an opportunity even to call the Assembly. The doubt about the majority of the United Front Ministry is replaced by conviction of a majority of a Chief Minister with 15 votes. What more ridiculous interpretation could there be of democracy, constitution and all that.

If they had demolished the Ministry on the ground of law and order, that at least I could have understood. But they dare not do that, because there was law and there was order. In fact, things were improving because the employers, landlords and other interests concerned were coming to realise the fact that certain demands of the people have got to be conceded. In fact, a tripartite meeting on the question of industrial relations was being proposed and things were moving in a better direction.

AN HON. MEMBER : From bad to worse.

SHRI S. A. DANGE : Not only that. The food situation was promising to improve in view of the coming harvest. But it is just that that frightened them, that if the food situation improves and this ministry succeeds in solving that problem by proper procurement, then, in that case, they would have no chance of coming to power. So, this was the only chance to dismiss that Ministry, and they dismissed that Ministry in the most arbitrary way.

Now, they have taken another precaution. I must say that there are very good tactitians in that party. They are not dull-headed, as some of us think; no, they are very shrewd. Some of us will charge them of dismissing a Ministry which frankly took the side of the working class, the peasantry and the middle class. So, they said "no, we have dismissed the Haryana Ministry" and the people do not know which class it represents. It certainly does not represent the working class and the peasantry. They dismissed one Ministry, which is difficult to be described, because of defections, because of want of a programme and they dismissed another Ministry, West Bengal Ministry, which frankly is led by the Communist element. There is no doubt about it.

16.40 Hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

It is a United Front Ministry but we do not deny the responsibility that we carry there in decisive weight as a Communist Party. In this respect I can even mention my other comrades in the Communist Party (Marxist) We are the driving force, the leadership, in that United Front Ministry along with other parties who agree on a common programme to carry out certain things. Therefore, you could say that this was frankly a ministry leaning on the side of the working class, the peasantry and the middle class and therefore you did not like it.

Then, you would counter the argument by saying that Haryana Ministry is dismissed and now Punjab Ministry is going; therefore we cannot blame you. No, Sir; we have to blame. Why ? Because you want to achieve a certain thing. What is that certain things ? I do not want to go, as I said, into the formal aspect nor while discussing the subject I would refer to a wider range of subjects of foreign policy or other policy because let us stick to the problem that certain non-Congress ministries came into existence and you are uprooting them. The other questions of policy and other grievances we might put up on a later occasion.

Similarly, I do not want to counter the arguments of certain friends on this side, who found it convenient to attack the Communist Party while supporting the motion. I think, that is not good tactics to start firing in the Opposition benches itself when a common fire should be directed against the ruling party. In any case, that means that the Opposition has yet to really evolve agreed tactics. Not that they have better tactics; they fire against each other in a private way, in the AICC or somewhere or other. There they behave more or less under a *danda* properly exercised. Now, we have not got that advantage of the *danda* properly exercised even in a democratic way. So, this thing happens. But they need not be very jolly about their affairs. Ultimately all the parties agree that they do not deserve to continue in their role.

[Shri S. A. Dange]

Now, I want to discuss one or two things rather more seriously instead of just hurling abuses and so on. They are commonly known. The question is why this phenomenon of non-Congress ministries arose at this time and why there is such an unseemly hurry to dismiss those non-Congress ministries. The rise of the non-Congress ministries is a culmination of a historical process of 20 years' rule of the Congress.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN): You mean, the non-Congress ?

SHRI S.A. DANGE: Yes, non-Congress.

The rise of non-Congress ministries is a criticism of the people made from a common standpoint, not the Communist, not the Socialist, not a particular party but in fact there are the Jana Sangh, the Swatantra, the Communists, the Socialists and all. But the voter had a criticism to make, "gentlemen, your policies for the last 20 years have not gone in the direction in which you promised to go", and therefore they prefer that some others be given a trial with a new programme or perhaps the same programme even to see whether they would deliver the goods properly or not; and if they did not deliver the goods properly then they shall find a third method. That was the reason why nine States more or less voted against the Congress and you got non-Congress ministries.

Why was this criticism voiced? Those points are very common but let me mention them. There was the promise of socialism. There may be differences on the definition of socialism. We may define it according to Karl Marx; you may define it according to Mahatma Gandhi. Now somebody may define it according to Jawaharlal Nehru or you may start defining it according to the definition of my Home Minister friend, Shri Chavan or Shri Morarji Desai or any body. But there was some common understanding that this country, after independence, ought not to go in the same way in which the Western mperialists have gone, develop monopoly capital, keep these landlord interests safe and take a path which ultimately leads to the same crisis as in Europe or in America. That was the general desire. So, we evolved a certain common programme though we had our criticism. I am not going to repeat the arguments which I have already made. I do not want to do that in this House, but then it is necessary to remind you about it. Having done that, you undertook even in the initial stages some nationalisation measure which hurt, no doubt, certain interests but then you persisted and there was some development which we criticized, no doubt, because the wealth that was generated did not go to the peasantry, the working class and the middle class. But still a certain direction of building a State sector of economy, a certain abolition of zamindary interests, a certain scaling down of rent and revenue—all these things were promised and were being carried out. But the natural law of capitalism was bound to persist, assert itself, and monopolies developed. We came out with the criticism of monopolies; you came out also with the partial criticism of monopolies. It is the Congress Party, which appointed the Monopolies Commission. It is the Congress Party which got Dr. Hazari to make a report. What was proved? It was proved that your policies had gone wrong, that monopolies had concentrated, that they had got possession of all the means of life in this country, that agriculture had not developed for the simple reason that land reforms were not carried out. Mr. Asoka Mehta and others who were dealing with the Planning Commission's Report on Land Reforms proved that you did not carry out land reforms. Therefore, the production of food was falling and you got into the trap of PL 480 and the more wheat you got, the more the peasant was killed here and agriculture suffered instead of growing at the rate at which the country needed. It is not that it is not growing —2½ per cent population growing, 2 per cent agriculture growing.

This is the thing which was revealed. 75 business houses cornering 50 per cent of the capital; nearly Rs. 3,000 crores of liquid capital in the hands of 5 banks—what kind of banks ?—uprooting every scheme of yours that they don't like and you, ultimately, forced to surrender, and some of you surrendering, just for the mere exchange of donations. I do not blame everybody; I do not want to name everybody. But the general pattern was: if there was a criticism of monopoly, Rs. 1 crore; if there was more criticism.

Rs. 5 crores; if there was a still more heroic resolution of abolition of privy purses, still more crores of rupees; and if there was a decision to nationalise banks, those Rs. 3,000 crores at your disposal with the prayers—for God's sake, don't carry it out".

This is continuously the betrayal of the common man, who believed in you. I cannot say he did not vote for you. You have got a majority here. I cannot say he did not vote for you in the previous elections and gave you a majority in all the States. I do see it; everybody sees it. It does not require any clever man to say that. Why was it happening? That was because he still believed in you, because you manoeuvred clerverly between his criticism on one side and the continuation of the same policy on the other side and the common man could not see through the game that while, on the one hand, you were building the States sector on the other hand, Birlas and Tatas were growing. You said, you take both and some day this will swallow that. But that is following this. That started becoming apparent and even your historic step for the abolition of privy purses is being carried on by means of negotiations and scaling down of their whisky bottles and import permits. That also is going along in the case of the nationalisation of banks.

My friends, I want to tell you that it is the betrayal of promises, the continuous receding from the policies which you had enunciated which we criticised as half-way house—there was some house at least—but now the whole house is demolished. Therefore, the electorate said, "We must topple them." Hence, they voted against you in 9 States. By whatever combinations it may be, the discontent was organised by several parties and all agreed on one point to defeat the Congress. We may quarrel. we may abuse each other; we may have different programmes and all that. But there was this thing, the masses moved. Why did they move? They moved because the monopolies are still there, the landlord interest is still there. When we want to abolish land revenue, there comes a Minister saying that the historic system of taxation, handed down from what days, I do not know, must be adhered to. Therefore, the discontent was organised, took the form in the elections of voting against you and these Ministries came. What should have happened to the Congress Party ? I am no adviser to you; I do not propose to advise you because I do not think that you are now capable of being advised by anybody. (*Interruption*) The last step is finished. Some of my friends might have accused me of being a revisionist or a reformist or a moderate and all that, but how are the events proceeding? It is always good to retain some hope in the commonsense of man because there are men inside that Party also. I have not given them up for lost completely, though I have no desire to form any coalition with them or have defections. No, I do not want that.

When these things happened, when the people voted against you, I thought that there would be some review of your own thinking; may be, some criticism amongst each other, may be there were right or left or central groups amongst yourselves, but then I want to know what happened to them ? What happened is yesterday's decision to topple all the Ministries. Who has won? That wing, that line of thinking has won which wants to topple any democratic criticism of the monopoly line, any democratic criticism of the pro-landlord line, any democratic criticism of the anti-people line. That group has won which said, "No, shut this out completely; otherwise we and everything that stands with us, *i.e.*, monopolies, are gone". What is the use of repeating the donations that the *cementwalas* and *sugar-walas* are making ? Everybody knows that. My friend, Mr. Madhu Limaye is an expert in getting all these lists to you at any time. Why do these things follow ? Monopoly capital is the source of corruption and no amount of moral lecturing on anybody's part will cure you of corruption, collective or personal or Ministerial or at whatever level it may be. They can buy and, therefore, what happened ? Monopoly decided, "Disrupt non-Congress Ministries". Naturally, those who had no programme, those who had no gutts, those who had no clear thinking, those who had no perspective of this country developing into a socialist one, could be bought, and that buying phenomenon is the defection. Very rarely you find honest defections. Honest defec-

[Shri S. A. Dange]

tions took place before the elections. After the elections, most of the defections are the expression of the same phenomenon, which has ruined the Congress Party, which has ruined the economy of this country and which has ruined the common man. Therefore, I do not support these defections even if they were to give me a majority; I do not want a defector to come to me and give me a majority. I want to stand by a programme; that programme has to be fulfilled and if, for that programme, I have to stand alone, I want to be alone because I have confidence in the masses; the masses' programme will be for me and not the programme of a Party. Therefore, what we tried was to form Fronts. People laugh at 'Fronts'. We do not want the exclusive rule of the Communist Party. Are we charitable? I am not charitable for the simple reason that the people of this country are not yet convinced that the Communist Party line alone is the correct line; therefore, I bowed down to the criticism even of the Party. Therefore, we said, "Shall we agree on any common thing? Shall we have a Front?". And now the Front idea has been accepted. But that does not mean that I do not have a programme I do defend my Party; I do defend the West Bengal Government and what it did; I still do defend the statement which somebody referred to but did need not name me. It was my statement, "The High Court judges also will have to be gheraoed". It was a shocking statement. I know that. Some people say that I have got in some quarters, an unmerited reputation of being reasonable. Well, I am reasonable, but at the same time I do stick like hard steel to certain things which I believe in. The judiciary in this country is not dependent on any abstract law and there is no such thing as an abstract law in any society.

Law is always the expression of the class that rules. It is not an expression of the Judges or their honesty or their belief. No, the law reflects the rule of the class. Manusmriti laid down—I do not want to quote Sanskrit in the presence of Mr. Jagannatha Rao—that the evidence of the Brahmin alone shall be believed without question. The evidence of the Kshatriya will be believed with a question, the evidence of a Vaishya will be doubted and the untouchable shall never be allowed to give any evidence in a court of law. A whole section of the society was thus dis-enfranchised. And an exception was provided that only an untouchable, who has reached the age of 80 and over can be allowed to come and give evidence. Over 80—that means that for 80 years he must prove his loyalty to the ruling class and then alone he can be considered to be truthful. To-day that rule is gone, but the spirit remains the same, the spirit that when a rich man comes to the court, even the Judges try to get up, give him a chair, ask him whether his health is all right, and if he has a headache, with an aspirin, they say 'Give him a chair'. But when a labourer in tattered clothes comes to the court, then the Police shouts at him and the Constable runs at him. He says 'No, I have come to give evidence'. 'Then, stand erect', shouts the Judge. Have I not seen that? For forty years while working for the working classes in this country, I have seen what happens to the workers when they are hauled up before the courts and how the Judges behave. I have seen in the National Labour Commission of which I am a Member how the respectable Judges and others behave to witnesses who come in tattered clothes, ordinary workers and how they behave when others come with wonderful ties, in tip-top dress or with a Gandhi cap and so on. Do I consider this an impartial system? Apart from that, the Judges are bound down. Certain property concepts are inherent in the Constitution and they are bound to them. Therefore, if the just cause of a worker is not accepted and if the High Court rules that it shall arrest a worker under the Preventive Detention Act for a gherao, then I say 'You are as much an instrument of the ruling class as anybody else and, therefore, I shall have the right to gherao you also'. It is no question of disrespect to the judiciary. It is the concept of class law. Please understand this. In your Constitution it is embodied.

What are we doing in Bengal? What did we do that we deserve to be abused? In Naxalbari?—Yes. The essence of Naxalbari was a demand for possession of land from which eviction has taken place. I frankly differ from the thesis of Naxalbari. But I am not here to discuss the thesis between the two of us; No, not for your benefit or for your advice. But, ultimately, when some hundreds peasants come with bows and arrows, you make

such a huge thing out of: Peking radio talked about it. Can just a Peking radio talk about it defeat our country ? Only by such talk can only any Party grow in this country? It cannot. Unless a talk has roots in the thinking of the people, in the masses of the people, no amount of Peking shouting is going to corrupt the masses of this country to run in favour of the thought of Mao Tse-Tung. Nothing is going to happen. Why do you make so much about Peking radio? In spite of Peking radio, did not people in this country defend the country in 1962? Did not the Communists defend the country ? Therefore, you used first Naxalbari; then came the Gurdwara agitation and then Hindu-Muslim rioting. You tried all sorts of all methods to start a law and order situation to topple that Government, but you did not succeed. No doubt, the Front Parties were divided. You thought their division might help you.

SHRI BUTA SINGH (Rupar) : Gurdwara agitation was somebody else's game.

SHRI S. A. DANGE : The question was that our differences, it was thought, might help the Congress Party to defeat the Government. They were composed, an agreed line was being followed and when it was clear now that the Government might remain stable, you intervened. Therefore, what I am putting forward is a simple thing. On what ground do you dismiss us? Our performance in favour of the peasant is well known. You may say that we beat some landlord or we beat some rich peasant. If so, please arrest us and try us and give us the punishment. Or you may say that 'You beat some worker or some manager'; if so, arrest and give us the punishment.

17 Hrs.

But the fundamental point was that the peasants were being deprived of their natural dues. What have you done about it? You may, of course, ask us 'What have you done about it?' We in practice were encouraging the peasant and telling him 'Please do not give the jotedar the 75 per cent which he demands'. This is what we tell the worker. The wages in Bengal, you should know, are something like 20 to 30 per cent lower than in Bombay. Why is that so? The entrenched capital of Birlas, the tea planters and the mine-owners were not shaken so far any trade union movement, an unfortunate fact of history. But we in Bombay during the last 30 years beat them down like anything, right from British days till now. We had wonderfully organised strikes there and we were able to raise the wage level. It is not that the wage level there is sufficient or that it is such as would not create any discontent. But the point is that there is some order and some kind of organisation there. There is some acknowledged industrial relation in the factories in Maharashtra and Bombay. It is not due to the philanthropic Congressmen at all, because the Congressmen are there in Calcutta and also in Punjab and nothing has happened in those two States, but it is due to the fact that we in Bombay had disciplined the workers by a furious strike struggle.

Somebody may ask 'Why did you not discipline the Calcutta employers' ? Sir, there are differences between States and States, between blocks and blocks of working classes, between blocks and blocks of leaders and so on. I find my hon. friend Shri J.B. Kripalani murmuring something. I may tell him that I am not going to discuss the history of the trade union movement now. As to why it did not happen in Calcutta, we could discuss it later on. What I am discussing now is something else. It did not happen under you anywhere. So, it does not matter ! I am only saying that we, in the Communist Party, were the absolute leaders of all this discontent and organisation in the city of Bombay. And elsewhere, at that time this did not happen. There was discontent, and in the factories people asserted 'This is the norm that should be followed', but employers would not follow it. But ultimately they have had to follow it.

See what is happening in the public sector. I was there yesterday at Hardwar and that was why I was not here to speak about Haryana. There was a strike there. A wonderful turbine plant is coming up there. 7000 people went on strike. Why? They had not been given the Gajendragadkar Commission's award; then the employers agreed and said 'Yes, we shall give you'; then they were not given the wage board award; again, the employers agreed and said 'We shall give you'. But the strike took place all the same, because

[Shri S. A. Dange]

there was no rule of promotion, no rule for settlement or anything of the kind, and the management believed that they could make the three unions quarrel and go on. Ultimately, all the three unions united and had a strike. So, it was settled ultimately. And we intervened and did the thing. Why should this happen?

Again, why was there a strike in Bhopal? Why is there a strike in Bhilai? My hon. friend Dr. Chenna Reddy on the other side has himself admitted that 'For God's sake, give us some procedure of recognising a union which has got the backing of the workers'. Ten years have gone. My party had given a slogan 'Recognition by ballot'. I was ridiculed and told 'Ah, recognition by ballot?' I was asked 'Ballot of all workers?', I said 'Yes, of all workers.' Why should they not agree to this? You could elect a Minister, a Chief Minister and the Prime Minister by ballot, but you can not elect your union by a ballot!

Now, what has happened? After ten years, the lesson has been learnt after so many sacrifices. The INTUC is recognised in Durgapur, the INTUC is recognised in Bombay. We called for a strike. The strike was complete. That was a ballot. They said 'No, no, strike is nothing'. The strike was there because they demanded three months' wages and you asked for six months' wages. Therefore, they had also struck along with you'. I said 'All right, you demand nine months' wages and try', but they would not do it.

So, ultimately, the result is this, and let me inform you of it. The mill-owners in Bombay, through their representative Mr. Naval Tata have agreed to this. Mr. Naval Tata said 'For God's sake, if this unrest can be resolved, all right, I agree to your ballot'. There is panic among the ranks of the employers. They gave evidence before the National Labour Commission saying 'We agree to the ballot, because we think that that is the only solution now.' Why were ten years wasted?

Why is Chenna Reddy still wasting time in the three or four steel plants where there is still trouble going on? Because he insists that Congress unions must be recognised.

